रोहतक
सोमवार 2 नवंबर 2026
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 30, अंक : 270
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 32.1°C
न्यून. 14.0°C

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



7 टीम इंडिया ने 3-2 से जीती सीरीज

दिल्ली में विपक्ष की रैली में केंद्र सरकार को घेरा || महारैली के विरोध में भाजपा ने देशभर में पदयात्रा निकाली

'वोट बचाओ-देश बचाओ महारैली' में जुटे बड़े विपक्षी नेता, मार्च भी निकाला

राहुल बोले-आप बचकर नहीं जा सकते भाजपा ने कहा-कहीं नहीं जा रहे मोदी

'लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ' पदयात्रा में भाजपा नेताओं ने खोली विपक्ष की पोल

ज्ञानेश पद से हटेंगे व जेल जाएंगे, मेरी बात सच होगी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को केंद्र सरकार तथा मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर हमला बोला और कहा कि ''देशद्रोह'' के लिए कुमार अपने पद से हटेंगे और जेल जाएंगे तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को कानूनी कार्रवाई का सामना करना होगा। वे बचकर नहीं जा सकते। दिल्ली के रामलीला मैदान में 'इंडिया' गठबंधन की 'वोट बचाओ, देश बचाओ महारैली' को संबोधित करते हुए गांधी ने आरोप लगाया कि इन लोगों ने देश की आत्मा और लोकतंत्र पर हमला किया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा, ''नरेन्द्र मोदी, अमित शाह और ज्ञानेश कुमार को जो संदेश भेजना था, वह जनता ने यहां से भेज दिया है। यह किसी राजनीतिक दल या नेता की आवाज नहीं, बल्कि देश के युवाओं, किसानों और मजदूरों की आवाज है। यह आवाज कह रही है कि हम संविधान और लोकतंत्र को खत्म नहीं होने देंगे।'



पीएम मोदी और अमित शाह को कानूनी कार्रवाई का करना होगा सामना

यह राजनीतिक दल या नेता की आवाज नहीं, देश के युवाओं की आवाज है

हम लोकतंत्र और संविधान खत्म नहीं होने देंगे

लोस चुनाव में धांधली कर सरकार बनाई

ज्ञानेश के बिना मोदी पीएम नहीं बन पाते

राहुल गांधी ने दावा किया कि 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद 13.5 करोड़ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए, जो कुल मतदाताओं का करीब 15 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और विपक्ष के बीच मतों का अंतर केवल तीन प्रतिशत था और अब निर्वाचन आयोग की बात से यह साबित हो गया है कि वह चुनाव 'चोरी का चुनाव और अवैध चुनाव' था। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि ज्ञानेश कुमार के बिना इस बार नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री और अमित शाह गृह मंत्री नहीं बन पाते। उन्होंने कहा, ''यह कोई सामान्य चोरी नहीं है। यह हिंदुस्तान के हर नागरिक के आवाज की चोरी है, हर नागरिक की अभिव्यक्ति की चोरी है। इसे कानूनी भाषा में दुर्लभतम मामला कहते हैं, इसे देशद्रोह कहते हैं।' रैली को खड़गे सहित कई विपक्षी नेताओं ने संबोधित किया।

उद्योगपतियों के हाथों में जा रहा देश का सारा धन

नितिन नवीन बोले-कोई बाल भी बांका नहीं कर सकता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक/नई दिल्ली

इंडिया ब्लॉक की रामलीला मैदान में रैली के विरोध में भाजपा ने रविवार को दिल्ली समेत देशभर में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' मार्च निकाला। दिल्ली में हरि नगर से तिलक नगर तक करीब एक किमी लंबा मार्च निकाला गया। इसमें 1984 के सिख विरोधी दंगों के पीड़ित परिवार और सिख समुदाय के लोग शामिल हुए। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन रोहतक में पदयात्रा में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि वोट चोरी कांग्रेस की विरासत है। ये वोट चोरी भी करते हैं और जनता के वोट का अपमान भी करते हैं। मोदी सरकार का कोई बाल भी बांका नहीं कर सकता है। राहुल विदेशी ताकतों की टूलकिट बनकर काम कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि सिख विरोधी हिंसा के पीड़ितों को भूलकर राहुल गांधी राजनीति कर रहे हैं।



भाजपा अध्यक्ष बोले-कांग्रेस की वोट चोरी की विरासत रही

ये चोरी भी करते हैं और जनता के वोट का अपमान भी करते हैं

विदेशी ताकतों की टूल किट बनकर काम कर रहे हैं नेता विपक्ष

रोहतक में भाजपा का शक्ति प्रदर्शन

सिख दंगों के लिए राहुल माफी मांगें : नितिन

रोहतक। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने रोहतक में शक्ति प्रदर्शन करते हुए सिख विरोधी दंगों का मुद्दा उठाते हुए राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन सिख विरोधी दंगे हुए थे। लोगों का बेरहमी से कत्ल किया गया। ऐसे में कांग्रेस और राहुल गांधी को सिखों की हत्या के लिए माफी मांगनी चाहिए थी, लेकिन वह प्रदर्शन करने निकल पड़े हैं। उन्होंने कांग्रेस पर राजनीतिक मुद्दों को लेकर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि हरियाणा हमेशा लोकतंत्र को बचाने और मजबूत करने में आगे रहा है। प्रदेश की जनता अब भी लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए आगे आएगी। 'संविधान बचाओ-अराजकता हटाओ' अभियान के तहत जाट कॉलेज से डी पार्क तक पदयात्रा निकाली गई। डी-पार्क पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने विपक्ष के वोट चोरी और लोकतंत्र को खतरे में होने के आरोपों पर जमकर पलटवार किया।

जयंत चौधरी और स्मृति ईरानी भी पदयात्रा में हुए शामिल

खबर संक्षेप

अब व्हाट्सएप पर देख सकेंगे पीएफ का बैलेंस

नई दिल्ली। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने व्हाट्सएप पर ईपीएफओ सेवाएं शुरू कीं। अब ईपीएफ सब्सक्राइबर ईपीएफओ की वेरिफाइड व्हाट्सएप सेवा से पीएफ बैलेंस, 5 नए ट्रांजैक्शन और पासबुक की जानकारी देख सकेंगे। इस सेवा के जरिए पीएमवीबीआरवाई से जुड़ी जरूरतें पूरी करने में व्यक्तिगत मार्गदर्शन व मदद भी मिलेगी।

अब फोन पर दिखाई देगा कॉलर का असली नाम

नई दिल्ली। भारत में अब मोबाइलों पर आने वाली हर इनकमिंग कॉल के साथ कॉलर का रजिस्टर्ड केवाईसी नाम दिखाई देगा। दूरसंचार विभाग ने जियो, एयरटेल, वीआई और बीएसएनएल को अपने 4जी और नए नेटवर्क पर कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन फीचर चालू करने का निर्देश दिया है। फोन में पहले से सेव कॉन्टैक्ट्स को ही प्राथमिकता मिलेगी। बिना किसी एप के फ्रॉड और स्पूफिंग पर लगाम लगाने के मकसद से यह बदलाव किया गया है। *एजेंसी*

दो आप विधायकों ने छोड़ी पार्टी

पंजाब में बड़ी टूट : जौड़ामाजरा और पठानमाजरा ने किया किनारा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) के 40 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी होने के बाद 2 विधायकों ने पार्टी छोड़ दी है। इनमें पटियाला के समाना से विधायक चेतन सिंह जौड़ामाजरा और सनौर से विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा शामिल हैं। हालांकि अभी इनकी सीट से कोई नया उम्मीदवार घोषित नहीं किया गया है। जौड़ामाजरा आप सरकार में मंत्री रह चुके हैं लेकिन कुछ समय पहले पार्टी ने पूर्व अकाली नेता सुरजीत सिंह रखड़ा को उनकी जगह पर समाना विधानसभा सीट का हलका इंचार्ज बना दिया था। वहीं, हरमीत सिंह पठानमाजरा पर दुष्कर्म का केस दर्ज हुआ था। जिसके बाद वे ऑस्ट्रेलिया फरार हो गए थे। जांच में शामिल होने के लिए लौटने पर पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। दोनों विधायकों ने चंडीगढ़ में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि अरविंद केजरीवाल ने पंजाब में नशा, फसलों पर एमएसपी, शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर जो-जो गारंटियां दी थीं, वह पूरी नहीं हुईं।



बोले-केजरीवाल की गारंटियां पूरी नहीं हुईं, जताया असंतोष

अर्नब के बाद अब मुरासु चक्रवात, आंध्र में अलर्ट

नई दिल्ली। बंगाल की खाड़ी में बना गहरा दबाव का क्षेत्र मुरासु नाम के चक्रवात में बदल गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, यह 3 नवंबर की सुबह आंध्र प्रदेश के तट से टकरा सकता है। इस दौरान हवा की रफ्तार 100 से 110 किमी प्रति घंटे और झोंकों के साथ 120 किमी प्रति घंटे तक पहुंचने का अनुमान है। एक हफ्ते के भीतर बंगाल की खाड़ी में यह दूसरा चक्रवाती तूफान है। इससे पहले 26 अक्टूबर को चक्रवात 'अर्नब' उठा था। यह 28 अक्टूबर को आंध्र के तट से टकराया था। इसके कारण आंध्र प्रदेश, ओडिशा सहित देश के ज्यादातर हिस्सों में बारिश हुई थी। ओडिशा के गंजाम और गजपति जिले में पिछले एक हफ्ते से बाढ़ जैसे हालात हैं। राज्य अभी चक्रवात 'अर्नब' से हुए नुकसान से उबर ही रहा है। नए तूफान के कारण फिर से भारी बारिश हो सकती है।

कल सुबह आंध्र के तट से टकराएगा, क्षेत्र खाली करवाए

आईडीबीआई बैंक निजीकरण कर्मियों का हड़ताल का ऐलान

नई दिल्ली। आईडीबीआई बैंक के निजीकरण की प्रस्तावित योजना के खिलाफ कर्मचारियों ने आंदोलन का ऐलान किया है। बैंक के 10,000 से अधिक अधिकारी और कर्मचारी 2 और 3 नवंबर को दो दिवसीय देशव्यापी हड़ताल करेंगे। यह फैसला यूनाइटेड फोरम ऑफ आईडीबीआई ऑफिसर्स एंड एम्प्लॉइज ने लिया है। संगठन ने केंद्र सरकार और बैंक प्रबंधन से निजीकरण की प्रक्रिया रोकने की मांग की है। कर्मचारी संगठन का कहना है कि बैंक की मौजूदा वित्तीय स्थिति में सुधार के पीछे किसी निजी निवेशक का योगदान नहीं है। इसके बजाय सरकार, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और बैंक कर्मचारियों ने मिलकर संस्थान को संकट से बाहर निकालने में भूमिका निभाई है। यूनियन के मुताबिक, मुश्किल दौर में भी कर्मचारियों ने ग्राहकों का भरोसा बनाए रखा और बैंकिंग सेवाओं को प्रभावित नहीं होने दिया।

यूनियन बोली मुश्किल दौर में भी ग्राहकों का भरोसा बनाया

रिलायंस फाउंडेशन स्थापित करेगा 'नीता मुकेश अंबानी अनंत आश्रय'





नीता मुकेश अंबानी अनंत आश्रय का भूमि पूजन

रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक एवं चेयरपर्सन नीता एम. अंबानी और रिलायंस फाउंडेशन की निदेशक ईशा अंबानी ने मुंबई के निकट कर्जत में प्रस्तावित 'नीता मुकेश अंबानी अनंत आश्रय' के स्थल पर भूमि पूजन और शिलान्यास समारोह संपन्न किया।

करीब 100 एकड़ में विकसित होने वाली इस टाउनशिप में 5,000 लोगों को स्नेहपूर्ण और आजीवन आश्रय प्रदान किया जाएगा। इनमें अनाथ बच्चे, वरिष्ठ नागरिक और विकासात्मक दिव्यांगता से प्रभावित व्यक्ति शामिल होंगे। इस परिसर में विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं, देखभाल की आधुनिक सुविधाओं और ऐसे अवसरों की व्यवस्था की जाएगी, जो प्रत्येक व्यक्ति को गरिमापूर्ण एवं उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने में सक्षम बनाएंगे।

100 एकड़ में विकसित होगी टाउनशिप, अनाथ बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों एवं विकासात्मक दिव्यांगता वाले व्यक्तियों सहित 5,000 लोगों को मिलेगा आजीवन घर

रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक एवं चेयरपर्सन नीता एम. अंबानी और रिलायंस फाउंडेशन की निदेशक ईशा अंबानी ने मुंबई के निकट करजत में प्रस्तावित स्थल पर 'नीता मुकेश अंबानी अनंत आश्रय' के भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह को शिलापटल से संपन्न किया।100 एकड़ में फैली यह टाउनशिप अनाथ बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और विकासात्मक दिव्यांगता से प्रभावित व्यक्तियों सहित 5,000 लोगों को स्नेहपूर्ण एवं आजीवन आवास उपलब्ध होगा जो प्रत्येक व्यक्ति को गरिमापूर्ण एवं उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने का अवसर प्रदान करेंगे।

मुंबई, 1 नवंबर, 2026। रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक एवं चेयरपर्सन श्रीमती नीता अंबानी ने आज 'नीता मुकेश अंबानी अनंत आश्रय' की स्थापना की घोषणा की। यह एक अनूठी पहल है, जिसकी परिकल्पना अनाथ बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग व्यक्तियों को आजीवन घर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई है। यहां उन्हें गरिमा, देखभाल, आराम और उद्देश्यपूर्ण जीवन के साथ-साथ व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं तथा व्यक्तिगत विकास के अवसर भी मिलेंगे। श्रीमती नीता अंबानी ने आज मुंबई के निकट करजत में प्रस्तावित परियोजना स्थल पर भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह संपन्न किया। लगभग 100 एकड़ में फैला 'नीता मुकेश अंबानी अनंत आश्रय' एक स्थायी, गैर-लाभकारी संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा। आवश्यक अनुमतियां मिलने के बाद इसका निर्माण विभिन्न चरणों में किया जाएगा। इस पहल के मूल में श्रीमती नीता अंबानी का यह दृढ़ विश्वास है कि प्रत्येक जीवन गरिमा का हकदार है और हर व्यक्ति को संवेदनशीलता, करुणा तथा देखभाल मिलनी चाहिए। रिलायंस फाउंडेशन के 'वी केयर' यानी 'हम परवाह करते हैं' के दर्शन पर आधारित यह सोच 'नीता मुकेश अंबानी अनंत आश्रय' के रूप में साकार होगी। इसका मूल संदेश है—हर जीवन के लिए एक घर। भूमि पूजन समारोह में रिलायंस फाउंडेशन की संस्थापक एवं चेयरपर्सन श्रीमती नीता अंबानी ने कहा:"मेरे और मेरे परिवार के लिए नीता मुकेश अंबानी अनंत आश्रय की शुरुआत दिल के बेहद करीब है। यह दिव्यांग व्यक्तियों, ऐसे बच्चों जिन्हें घर की जरूरत है, और ऐसे वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक स्नेहपूर्ण घर बनाने की दिशा में कदम है, जिन्हें देखभाल और सुकून की तलाश है। हम एक ऐसे समुदाय की कल्पना करते हैं, उन्होंने आगे कहा:"एक मां के रूप में मेरी सबसे बड़ी आशा यह है कि जिन माता-पिता ने अपना पूरा जीवन इस चिंता में बिताया है कि उनके बाद उनके बच्चों की देखभाल कौन करेगा, उन्हें यह जानकर सुकून मिल सके कि उनके बच्चे के पास हमेशा अपना घर और अपना परिवार होगा। यहां विकासात्मक दिव्यांगता वाले व्यक्तियों, अनाथ बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों सहित 5,000 से अधिक लोगों को आजीवन आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। जहां हर व्यक्ति को एक संतुष्टिपूर्ण और सार्थक जीवन जीने का अवसर मिले।निवासियों के लिए छोटे-छोटे घर बनाए जाएंगे, जहां परिवार जैसी व्यवस्था होगी। इन घरों में उनके साथ समर्पित गृह-अभिभावक और देखभालकर्ता रहेंगे। प्रत्येक घर को आराम, परिचित परिवेश और व्यक्तिगत अपनत्व को ध्यान में रखकर डिजाइन किया जाएगा। निवासियों को अपने कमरों को अपनी पसंद के रंगों, तस्वीरों और प्रिय वस्तुओं से सजाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।प्रत्येक निवासी जरूरतों में होने वाले बदलावों के अनुरूप योजना की कम से कम हर छह महीने में समीक्षा की जाएगी, ताकि बचपन से लेकर वृद्धावस्था तक आवश्यक सहायता मिलती रहे। प्रस्तावित टाउनशिप में आठ आवासीय गांव होंगे। प्रत्येक गांव का नाम भारत की किसी पवित्र नदी के नाम पर रखा जाएगा। हर गांव की अपनी विशिष्ट रंग पहचान, प्रतीक और संवेदी उद्यान होगा। इससे निवासियों को अपने आसपास के स्थानों को पहचानने और अधिक आसानी तथा स्वतंत्रता के साथ आने-जाने में मदद मिलेगी।'नीता मुकेश अंबानी अनंत आश्रय' आसपास के समुदाय का भी अभिन्न हिस्सा बनने का प्रयास करेगा। यहां का मंदिर, अस्पताल, खेल सुविधाएं और कैफे आसपास के गांवों के लोगों के लिए भी उपलब्ध कराने की परिकल्पना है। क्षेत्र के लगभग 1,000 लोगों को चिकित्सा एवं पुनर्वास संबंधी थेरेपी, शिक्षा और रोजगार के अवसर मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा, हजारों अन्य लोगों को अस्थायी राहत देखभाल, जनसंपर्क कार्यक्रमों और सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं से लाभ मिलेगा।सभी के लिए व्यापक देखभाल, स्वास्थ्य सेवाएं और अवसर'नीता मुकेश अंबानी अनंत आश्रय' में विशेष स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा, पुनर्वास, मनोरंजन और सार्थक रोजगार के अवसरों को एक ही संवेदनशील एवं समावेशी वातावरण में उपलब्ध कराने की योजना है। प्रस्तावित प्रमुख सुविधाएं एवं सेवाएं इस प्रकार हैं:परिवार जैसी आवासीय व्यवस्था: ऐसे घर जहां गृह-अभिभावक और समर्पित देखभालकर्ता निवासियों के साथ रहेंगे तथा उन्हें स्थिरता, आराम और व्यक्तिगत जरूरतों के अनुरूप सहायता देंगे।

विशेषीकृत अस्पताल: विकासात्मक चिकित्सा, मिर्गी के उपचार, विशेष जरूरतों वाले लोगों के लिए दंत चिकित्सा, प्रशामक देखभाल और व्यापक चिकित्सा सहायता की सुविधाएं। आधुनिक पुनर्वास केंद्र: फिजियोथेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी, स्पीच थेरेपी और हाइड्रोथेरेपी जैसी सुविधाएं। पशु संग-साथ फार्म: वंतारा की विशेषज्ञता से विकसित किया जाने वाला यह फार्म निवासियों और पशुओं के बीच सार्थक जुड़ाव को बढ़ावा देगा।व्यावसायिक प्रशिक्षण और रोजगार: बेकरी, कैफे और हस्तशिल्प स्टूडियो जैसी सुविधाएं, जहां निवासी कौशल विकसित कर सकेंगे, वेतन अर्जित कर सकेंगे और काम के माध्यम से आत्मसम्मान एवं गरिमा का अनुभव कर सकेंगे।

परिवारों के लिए राहत आवास और मोबाइल चिकित्सा क्लीनिक: आसपास के जिलों के परिवारों और समुदायों तक देखभाल तथा स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की व्यवस्था होगी।

राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी: विशेष प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के माध्यम से भारत में दिव्यांगजनों की देखभाल करने वाले कार्यबल को मजबूत बनाने के लिए समर्पित अकादमी स्थापित होगा।

विशेष हॉस्पिस विंग और स्मृति उद्यान: जीवन के अंतिम चरण में रहने वाले लोगों को शांतिपूर्ण और गरिमापूर्ण वातावरण में संवेदनशील देखभाल प्रदान करने की सुविधा भी मिलेगी।

सीआईएसएफ ने सुरक्षा देने का 56 साल पुराना स्ट्रक्चर बदला

अब स्टील, कोल, बिजली के लिए होंगे अलग सेक्टर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने सबसे बड़ा प्रशासनिक बदलाव किया है। फोर्स ने आज से अपने 56 साल पुराने टेरिटोरियल कमांड मॉडल को खत्म करके फंक्शनल सेक्टर मॉडल अपना लिया है। फोर्स अब तक जोन के हिसाब से काम करती थी। जैसे - मुंबई जोन के एक ही अधिकारी के पास पावर प्लांट भी होता था और कोयला खदान भी। इससे सुरक्षा मिली-जुली रहती थी। नए मॉडल में एक जैसी इंडस्ट्रियल यूनिट को एक ही छतरी के नीचे लाया गया है। यानी देशभर के सारे पावर प्लांट, सारे स्टील प्लांट, सारे बंदरगाह अलग-अलग डेडिकेटेड सेक्टर के अधीन होंगे। इस बदलाव का असर बिजली, कोयला, स्टील, पेट्रोलियम और नैचुरल गैस यूनिट पर पड़ेगा। सरकारी इमारतों, संग्रहालयों, स्मारकों, समुद्री बंदरगाहों और दिल्ली मेट्रो जैसी की सुरक्षा के लिए कुल 11 सेक्टर बनेंगे।

फोर्स अब तक जोन के हिसाब से करती थी काम

काम अलग तो सुरक्षा भी अलग हो

अब तक सीआईएसएफ के फील्ड और प्रशासनिक ठिकाने जोनल आधार पर बने थे। इस वजह से एक ही फील्ड फॉर्मेशन अलग-अलग क्षेत्रों में बनी औद्योगिक इकाईयों की सुरक्षा संभालता था। उदाहरण के लिए, किसी फील्ड फॉर्मेशन के पास बिजली और कोयला क्षेत्र की इकाइयों की जिम्मेदारी एक साथ होती थी। अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा और एयरपोर्ट की सुरक्षा करने वाली सीआईएसएफ इकाइयां इसका अपवाद थीं। ये पहले से एक ही कमांड के तहत थीं। सीआईएसएफ ने कहा कि इस बदलाव का मूल सिद्धांत यह है कि सुरक्षा केवल संपत्ति की जगह के आधार पर तय नहीं होनी चाहिए। यह भी देखना चाहिए कि संपत्ति क्या काम करती है और उसके प्रभावित होने का देश पर क्या असर पड़ेगा।

पोर्ट सेक्टर के नाम भी बदले

इस बदलाव के तहत मुंबई मुख्यालय वाले सीआईएसएफ के वेस्टर्न सेक्टर का नाम बदलकर वेस्ट कोस्ट पोर्ट सेक्टर कर दिया गया है। चेन्नई स्थित सदर्न सेक्टर का नाम ईस्ट कोस्ट पोर्ट सेक्टर किया गया है। 2025 में केंद्र सरकार ने सीआईएसएफ को समुद्री बंदरगाहों की सुरक्षा के लिए नोडल बल बनाया था। सरकार ने सीआईएसएफ को इस क्षेत्र के लिए रिकॉग्नाइज्ड सिक्योरिटी ऑर्गनाइजेशन के रूप में भी अधिकृत किया था।

खबर संक्षेप

भारत को बांग्लादेश नहीं बनने देंगे : धर्मेंद्र प्रधान

फरीदाबाद। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद धर्मेंद्र प्रधान ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि जनता का विश्वास हासिल करने में असफल हो रहे लोग अब संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बनाकर अपनी राजनीतिक जमीन तलाश रहे हैं। लोकतंत्र में सरकार जनता के आशीर्वाद और जनादेश से बनती है। दबाव, दादागिरी और अराजकता के सहारे सत्ता हासिल करने की सोच स्वीकार नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि भारत को बांग्लादेश नहीं बनने दिया जाएगा और देश के जनादेश पर भीड़तंत्र को हावी नहीं होने देंगे। रविवार को फरीदाबाद में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि देश की मालिक जनता है। जनता की इच्छा और उसके निर्णय से ही देश चलेगा।

पंचकूला में जनप्रतिनिधि सम्मेलन आज : स्पीकर

चंडीगढ़। हरियाणा विधान सभा की ओर से 2 नवंबर को पंचकूला स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले जनप्रतिनिधि सम्मेलन में प्रदेश की विधायी परंपरा की कई पीढ़ियों का प्रतिनिधित्व देखने को मिलेगा। सम्मेलन में अब तक 57 वर्तमान विधायकों और 176 पूर्व विधायकों ने शामिल होने की सहमति दी है। इनमें प्रदेश के चार पूर्व विधान सभा अध्यक्ष, दो पूर्व उपाध्यक्ष, सात बार विधायक चुने गए वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों से लेकर पहली बार विधानसभा पहुंचे युवा विधायक तक शामिल हैं। सम्मेलन में पूर्व विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता, कंवर पाल, कुलदीप शर्मा और डॉ. रघुवीर सिंह कादियान भाग लेंगे। इनके अलावा पूर्व उपाध्यक्ष संतोष यादव और आजाद मोहम्मद भी सम्मेलन में शामिल होंगे।

अग्रवाल सभा चुनाव में जगमोहन गर्ग विजयी

पंचकूला। पंचकूला अग्रवाल सभा के चुनाव में जगमोहन गर्ग और उनकी टीम की जीत के बाद पूर्व महापौर कुलभूषण गोयल अग्रवाल भवन पहुंचे और नवनिर्वाचित टीम के सभी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कुलभूषण गोयल ने कहा कि अग्रवाल सभा का चुनाव भाईचारे का चुनाव था, जो शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने प्रधान निर्वाचित जगमोहन गर्ग, महासचिव मुकेश बंसल, मीडिया सचिव राकेश गोयल सहित पूरी टीम को जीत की शुभकामनाएं दीं।

हारमोनिका क्लब का वार्षिक उत्सव 15 से

चंडीगढ़। चंडीगढ़ हारमोनिका क्लब द्वारा अपने 8वें वार्षिक हारमोनिका (माउथ ऑर्गन) सम्मेलन का आयोजन 15 एवं 16 नवंबर को सेक्टर-7 स्थित एक रेस्टोरेंट, में किया जाएगा। हारमोनिका, जिसे आमतौर पर माउथ ऑर्गन के नाम से जाना जाता है, 1960 के दशक से लेकर 1970 के दशक के मध्य तक हिंदी फिल्म संगीत में अत्यंत लोकप्रिय रहा है। बॉलीवुड के अनेक प्रतिष्ठित संगीतकारों ने इस बहुमुखी वाद्य यंत्र का उपयोग करते हुए कई यादगार धुनों की रचना की। दोस्त और शोले जैसी फिल्मों में इसका प्रयोग शानदार रहा था।

स्वतंत्रता संग्राम से राष्ट्र निर्माण तक हरियाणा का योगदान अतुलनीय : राष्ट्रपति

■ द्रौपदी मुर्मू ने कुरुक्षेत्र में आयोजित हीरक जयंती समारोह में शिरकत की ■ राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया महामहिम का स्वागत

भगवान कृष्ण के निष्काम कर्मयोग का अमर संदेश सारे विश्व में फैलाने वाली इस धरती ने आधुनिक युग में भी मानवीय पराक्रम के अनेक कीर्तिमान स्थापित किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को हरियाणा गठन के 60 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित हीरक जयंती समारोह में शामिल हुईं। इस अवसर पर, उन्होंने हीरक जयंती के लोगो को भी लॉन्च किया। समारोह में हरियाणा के राज्यपाल प्रो असीम कुमार घोष, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में, राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय संस्कृति के विकास में हरियाणा के इस क्षेत्र का उल्लेखनीय योगदान रहा है। गीता का अमर संदेश इसी धरती से समस्त विश्व में फैला था। भारतीयता को गौरव प्रदान करने वाली इस पुण्य भूमि को राष्ट्रपति ने प्रणाम किया। उन्होंने भारत की प्रगति-यात्रा के अनेक आयामों में सार्थक योगदान देने वाले हरियाणा वासियों को भी बधाई दी। राष्ट्रपति ने कहा कि भगवान कृष्ण के निष्काम कर्मयोग का अमर संदेश सारे विश्व में फैलाने वाली इस धरती ने आधुनिक युग में भी मानवीय पराक्रम के अनेक कीर्तिमान स्थापित किये हैं। इसकी संतानों ने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर सामाजिक परिवर्तन, लोकतंत्र, साहित्य और विज्ञान के क्षेत्रों में सार्थक योगदान किया है। राव तुलाराम का अदम्य साहस, दीनबंधु सर छोटूराम की किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्धता, पंडित नेकीराम शर्मा की राष्ट्रसेवा और दादा लखमीचंद की लोक-सांस्कृतिक साधना हरियाणा की अमूल्य विरासत हैं। उन्होंने कहा कि बीसवीं सदी में हरियाणा के प्रथम शहीदों में गिने जाने वाले अंबाला के कांशीराम ने अमेरिका में लाला हरदयाल के साथ मिलकर गदर पार्टी स्थापित करने वालों में से एक थे। भारत लौटने के लगभग एक वर्ष बाद ब्रिटिश सरकार ने 1915 के इसी नवंबर माह में उनको फांसी दे दी थी। उन्होंने कहा कि हरियाणा की बेटियों ने भी स्वतंत्रता संग्राम में अपना अहम योगदान दिया। राष्ट्रपति ने प्रदेश के खिलाड़ियों की प्रतिभा को सराहा और उन्हें देश का गौरव बताया।

विकास के 60 साल पूरे, अब हरियाणा को देश में अव्वल बनाने का लक्ष्य : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा ने अपने गठन के 60 वर्षों में प्रगति का लंबा सफर तय किया है। वर्तमान प्रदेश सरकार ने हरियाणा को देश का पहला विकसित राज्य बनाने का संकल्प लिया है, इसी ध्येय के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के विजन को साकार करने में हरियाणा अग्रणी भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री रविवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित हीरक जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। समारोह में हरियाणा के राज्यपाल प्रो असीम कुमार घोष की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति का गीता की पावन धरती पर स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि उनका इस ऐतिहासिक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना प्रदेशवासियों के लिए गर्व और गौरव का विषय है। मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति की जीवन यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि ओडिशा के मयूरभंज जिले के छोटे से गांव उपरबेड़ा से देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंचने का उनका सफर भारतीय लोकतंत्र की शक्ति और संविधान की गरिमा का प्रतीक है। उनकी यह प्रेरणादायी यात्रा देश की प्रत्येक बेटी, गरीब परिवार और आदिवासी समाज के लिए उम्मीद, आत्मविश्वास और आगे बढ़ने की प्रेरणा है।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी पर उठाए सवाल

दिल्ली में रैली कर कांग्रेस ने सिखों के जख्मों पर नमक छिड़का

राहुल गांधी की मोहब्बत की दुकान से नफरत के अलावा कुछ नहीं मिलेगा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को चंडीगढ़ के स्थापना दिवस समारोह में कांग्रेस पर तीखा राजनीतिक हमला बोला। उन्होंने 1984 के सिख नरसंहार की बरसी के दिन दिल्ली में कांग्रेस की रैली आयोजित करने पर सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस ने सिखों के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जिस दिन हजारों सिखों की निर्मम हत्या हुई, उसी दिन कांग्रेस को बड़ा राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित करने की क्या जरूरत थी। उन्होंने कहा कि इससे ही पता चलता है कि कांग्रेस की सोच कैसी है। उन्होंने राहुल गांधी पर भी तीखा हमला बोला। अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी की मोहब्बत की दुकान से नफरत के अलावा कुछ नहीं मिलेगा। इंडिया गठबंधन के आह्वान पर आयोजित रामलीला मैदान की रैली और मॉक पार्लियामेंट को लेकर राहुल गांधी पर अमित साह ने निशाना साधा। उन्होंने कहा मैं राहुल गांधी से कहना चाहता हूं कि आपको अगर प्रधानमंत्री बनना है तो ऐसे ही मॉक पार्लियामेंट करते रहिए, आपका नंबर फिर भी नहीं आने वाला। अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस को पहले यह लगा था कि शायद राहुल गांधी उस समय छोटे थे या उन्होंने इतिहास नहीं पढ़ा, इसलिए उन्हें इस दिन के महत्व की जानकारी नहीं होगी। लेकिन भाजपा ने ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस से अपील की थी कि 1, 2 और 3 नवंबर को रैली आयोजित न की जाए, क्योंकि ये वही दिन हैं जब सिख विरोधी दंगे हुए थे। अमित शाह ने आगे कहा कि कांग्रेस के तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने एक बार कहा था कि जब बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती हिलती है। अब उनके बेटे राहुल गांधी ने उसी दिन दिल्ली में बड़ी रैली आयोजित की है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कांग्रेस से अपील की थी कि 1 से 3 नवंबर के बीच कोई बड़ा राजनीतिक कार्यक्रम न किया जाए।

पंजाब में बनेगी एनडीए की सरकारः शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पंजाब में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की सरकार बनाने का संकल्प दोहराते हुए रविवार को चंडीगढ़ से कांग्रेस और राहुल गांधी के खिलाफ जोरदार राजनीतिक हमला बोला। उन्होंने पंजाब की जनता से एनडीए की विजय का संकल्प लेने का आह्वान किया और कहा कि आने वाले समय में पंजाब में भी एनडीए की सरकार बनाने के लिए पूरी ताकत लगाई जाएगी। उन्होंने 31 दिसंबर 2029 तक पंजाब समेत पूरे देश को नशामुक्त बनाने का लक्ष्य भी घोषित किया।

कांग्रेस ने हमेशा ही वोट चोरी कर सरकार बनाई : नितिन नवीन

■ राष्ट्रीय अध्यक्ष की अगुवाई में रोहतक में निकली 'संविधान बचाओ-अराजकता हटाओ' पदयात्रा

■ मोदी सरकार का कोई बाल भी बांका नहीं कर सकता, 2029 में भी भाजपा की सरकार बनेगी : नवीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



जिस शहर की सियासत में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का प्रभाव लंबे समय से माना जाता रहा है, रविवार को उसी रोहतक की सड़कों पर भाजपा ने अपनी ताकत दिखाने के लिए पूरा जोर लगा दिया। मौका था भाजपा के 'संविधान बचाओ-अराजकता हटाओ' अभियान के तहत निकाली गई पदयात्रा का। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की अगुवाई में निकली इस पदयात्रा ने राजनीतिक माहौल को गरमा दिया। खास बात यह रही कि यात्रा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के आवास के सामने से भी गुजरी। भाजपा के इस शक्ति प्रदर्शन में राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी और हरियाणा प्रभारी स्मृति ईरानी समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। पदयात्रा के दौरान भाजपा नेताओं ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। नितिन नबीन ने साफ शब्दों में कहा कि मोदी सरकार का कोई बाल भी बांका नहीं कर सकता और 2029 में भी देश में भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा ही वोट चोरी कर सरकार बनाई। अब चुनाव हारने पर वोट चोरी का रोना रोते हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष और अन्य नेताओं ने डी पार्क स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। पदयात्रा में शामिल होने पहुंचे राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने भी कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हरियाणा भौगोलिक रूप से छोटा राज्य जरूर है, लेकिन यहां के लोगों ने हमेशा बड़े काम किए हैं। पदयात्रा के दौरान हरियाणा प्रभारी स्मृति ईरानी ने जय श्री राम के नारे लगाए और राष्ट्रीय अध्यक्ष का रोहतक पहुंचने पर स्वागत किया। उन्होंने कहा, कार्यकर्ताओं में पदयात्रा को लेकर पूरा उत्साह दिखाई दे रहा है। प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने भी राष्ट्रीय अध्यक्ष का रोहतक पहुंचने पर स्वागत किया।

कैप्टन अभिमन्यु ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा

हरियाणा दिवस के अवसर पर 'लोकतंत्र बचाओ पदयात्रा' और शक्ति प्रदर्शन में पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। कार्यक्रम में कैप्टन अभिमन्यु ने मंच से कार्यकर्ताओं में जोश भरा। उन्होंने दोनों हाथ उठाकर कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया और 'भारत माता की जय' के नारों के बीच अपना संबोधन शुरू किया। उन्होंने कहा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में गलत बयान दिया था। लेकिन जनता कहती है कि नरेंद्र मोदी कहीं नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा छोटूराम तकनीकी संस्थान के मैदान पर बड़े-बड़े इतिहास लिखे गए गए हैं। कांग्रेस के लोग वोट चोरी करने में माहिर हैं। वह अपनी चोरी छिपाने के लिए दिल्ली में ड्रामा कर रहे हैं। जनता को उनकी नीयत का अच्छी तरह पता है।

मोबाइल पर मिलेगी नागरिक अस्पतालों की जानकारी, डिजिटल मैप पर दिखेगा पूरा नेटवर्क

■ अतिरिक्त मुख्य सचिव ने ली अधिकारियों की बैठक

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार अपने सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों के नेटवर्क को सिंगल डिजिटल मैप पर लाने की तैयारी कर रही है। इससे नागरिक एक क्लिक के माध्यम से अस्पतालों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप-स्वास्थ्य केंद्रों और आयुष सुविधाओं की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे, साथ ही नीति निर्माताओं को पूरे राज्य में स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे और सेवाओं की कमियों का स्पष्ट चित्र मिल सकेगा। जियोग्राफिकल इंफॉर्मेशन सिस्टम (जीआईएस) मैपिंग के जरिए विकसित इस पहल का उद्देश्य स्वास्थ्य, आयुष और चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभागों के स्वास्थ्य संस्थानों से जुड़ी जानकारी को एक एकीकृत मंच पर लाना है, ताकि बिखरे हुए विभागीय रिकॉर्ड्स की जगह एक अधिक सुलभ और समन्वित सूचना प्रणाली स्थापित की जा सके।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने रविवार को यहां एक बैठक में इस कार्य की प्रगति की समीक्षा की, जहां हरियाणा भर की स्वास्थ्य सुविधाओं के जीआईएस मैपिंग डेटा को प्रस्तुत किया गया। बैठक में विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

अंबाला शहीद स्मारक का उद्घाटन पांच नवंबर को : नायब सैनी

चंडीगढ़। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में हरियाणा के वीरों की भूमिका, इतिहास, शौर्य और स्वतंत्रता संग्राम की गौरवशाली विरासत को राष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में एक ऐतिहासिक अध्याय जुड़ने जा रहा है। अंबाला में 1857 की प्रथम क्रांति के अमर शहीदों की स्मृति में निर्मित भव्य शहीद स्मारक का उद्घाटन 5 नवंबर को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह करेंगे।

■ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि होंगे

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यह जानकारी रविवार को चंडीगढ़ स्थित अपने सरकारी आवास 'कबीर कुटीर' में आजादी की पहली लड़ाई के शहीद स्मारक सोसायटी की गवर्निंग काउंसिल की प्रथम बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। इस अवसर पर उन्होंने शहीद स्मारक की आधिकारिक वेबसाइट का भी उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह शहीद स्मारक देश के अमर शहीदों के लिए सबसे बड़ी श्रद्धांजलि होगा।

10 जांबाजों को दिया जाएगा केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक

■ स्पेशल ऑपरेशन श्रेणी में आतंकी शहजाद भट्टी के नेटवर्क पर किया निर्णायक प्रहार, 24 आतंकी एवं सहयोगी गिरफ्तार किए

चंडीगढ़। हरियाणा पुलिस ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी कार्यकुशलता, दक्षता और अदम्य साहस का परिचय देते हुए प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। 2026 के लिए घोषित प्रतिष्ठित 'केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक' के लिए हरियाणा पुलिस एसटीएफ के 10 जांबाज अधिकारियों और कर्मचारियों का चयन किया है। इंटेलिजेंस और स्पेशल ऑपरेशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हरियाणा पुलिस को मिला उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा 1 फरवरी 2024 को शुरू किए गए इस पुरस्कार का उद्देश्य पुलिस बलों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के असाधारण पेशेवर कौशल, कर्तव्यनिष्ठा, विशिष्ट सेवा तथा चुनौतीपूर्ण अभियानों में उत्कृष्ट योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान देना है। यह सम्मान मुख्य रूप से स्पेशल ऑपरेशन (आतंकवाद-रोधी), उत्कृष्ट अनुसंधान, फोरेंसिक साइंस और इंटेलिजेंस जैसी महत्वपूर्ण श्रेणियों में प्रदान किया जाता है। स्पेशल ऑपरेशन श्रेणी में हरियाणा पुलिस एसटीएफ की टीम को यह सम्मान पाकिस्तान स्थित आतंकी शहजाद भट्टी के नेटवर्क के विरुद्ध चलाए गए व्यापक और चुनौतीपूर्ण आतंकवाद-रोधी अभियान में उल्लेखनीय सफलता के लिए मिला है। हरियाणा पुलिस एसटीएफ की टीम ने सटीक खुफिया जानकारी, डिजिटल साक्ष्यों के विश्लेषण और विभिन्न राज्यों की पुलिस एजेंसियों के साथ प्रभावी समन्वय के आधार पर इस नेटवर्क के विरुद्ध सुनियोजित कार्रवाई की। इस अभियान के तहत हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में फैले आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया।

इन अधिकारियों व कर्मचारियों का चयन

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर को घोषित इन पदकों में हरियाणा पुलिस एसटीएफ के अधिकारियों को इंटेलिजेंस तथा स्पेशल ऑपरेशन (आतंकवाद-रोधी) श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया है। इंटेलिजेंस श्रेणी में हरियाणा पुलिस एसटीएफ के एसएसपी वसीम अकरम, डीएसपी प्रदीप , सब-इंस्पेक्टर वरुण और सिपाही वरुण जांगड़ा को इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चुना गया है। वहीं, स्पेशल ऑपरेशन श्रेणी में हरियाणा पुलिस एसटीएफ के डीएसपी अमन कुमार, सब-इंस्पेक्टर गौरव सिंह, सब-इंस्पेक्टर रणदीप सिंह, सब-इंस्पेक्टर कपिल, सब-इंस्पेक्टर संदीप और सिपाही साजन सिंह को पदक प्रदान करने की घोषणा की गई है।

रैक्सील खरीद मामले में सीबीआई कोर्ट ने मंजूर की क्लोजर रिपोर्ट

योगेंद्र शर्मा ⏭ चंडीगढ़



■ आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाने के साक्ष्य नहीं : कोर्ट

हरियाणा के चर्चित रैक्सील की खरीद कथित घोटाले मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने क्लोजर रिपोर्ट मंजूर कर ली है। इसके साथ ही माना है कि इससे कोई भी सरकार के खजाने को नुकसान पहुंचाने जैसे साक्ष्य नहीं मिले हैं। यहां पर बता दें कि हुड्डा सरकार के कार्यकाल में लिए फैसलों की जांच एजेंसी द्वारा की गई थी। यहां पर यह भी बता दें कि हरियाणा में वर्ष 2015 के गेहूं बीज उपचार के लिए फफूंदी नाशक रेक्सिल 2 फीसदी डीएस की अनिवार्य खरीद के मामले में विशेष सीबीआई अदालत ने जांच एजेंसी की क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार कर ली है। करीब एक दशक से चल रही मामले की कानूनी जांच पर विराम लग गया है। विशेष न्यायाधीश विजयंत सहगल ने केंद्रीय जांच ब्यूरो की ओर से दाखिल क्लोजर रिपोर्ट को मंजूरी दे दी है और माना है कि जांच में आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, सरकार को आर्थिक नुकसान पहुंचाने या किसी को अनुचित आर्थिक लाभ पहुंचाने के आरोपों की पुष्टि करने वाले पर्याप्त सबूत नहीं मिले। मामला हरियाणा सरकार की शिकायत पर शुरू हुआ था। इसके बाद सीबीआई ने भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी और 420 तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(2) के साथ 13(1)(डी) के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी। जांच का मुख्य केंद्र अक्तूबर 2010 में तत्कालीन मुख्यमंत्री और अब नेता विपक्ष भूपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व वाली सरकार के कार्यकाल में लिए नीतिगत फैसले थे। आरोप था कि गेहूं के प्रमाणित बीजों को सरकारी सब्सिडी का पूरा लाभ दिलाने के लिए दवा को अनिवार्य किया था।

छात्र हत्या मामले की सुनवाई गुरुग्राम में ही होगी, सीबीआई की याचिका खारिज

■ केंद्रीय एजेंसी ने सुनवाई पंचकूला स्थानांतरित करने की मांग की थी

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने गुरुग्राम के एक निजी स्कूल में सात वर्षीय छात्र की वर्ष 2017 में हुई हत्या के मामले में सीबीआई को झटका दिया है। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई गुरुग्राम की अंतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-सह-बाल न्यायालय से पंचकूला स्थित विशेष सीबीआई अदालत में स्थानांतरित करने की याचिका खारिज कर दी है।

न्यायमूर्ति मनीषा बत्रा ने स्पष्ट किया कि केवल सीबीआई द्वारा मामले की जांच किए जाने से पंचकूला की विशेष सीबीआई अदालत को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत अपराध की सुनवाई का विशेष अधिकार क्षेत्र नहीं मिल जाता। अदालत ने सीबीआई की वैकल्पिक मांग भी खारिज कर दी, जिसमें मुकदमे को पंचकूला की बाल अदालत में स्थानांतरित करने की मांग की गई थी। हाईकोर्ट ने कहा कि किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 के प्रावधानों के तहत कानून से संघर्षरत बच्चे के मामले की सुनवाई बाल न्यायालय में ही होनी चाहिए। भले ही उसे वयस्क की तरह मुकदमे का सामना करने का निर्देश दिया गया हो।

गुरुग्राम के एक विद्यालय के शौचालय में सात वर्षीय कक्षा दूसरी के छात्र की आठ सितंबर 2017 को हुई हत्या से जुड़ा है। जांच बाद में सीबीआई को सौंप दी गई थी। सीबीआई ने इस मामले में कक्षा 11वीं के एक छात्र को गिरफ्तार किया था, जिसकी घटना के समय आयु 18 वर्ष से कम थी। किशोर न्याय बोर्ड ने आरोपी पर वयस्क की तरह मुकदमा चलाने का निर्देश दिया था। इसके बाद सीबीआई ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर मुकदमे को गुरुग्राम की अदालत से पंचकूला की विशेष सीबीआई अदालत में स्थानांतरित करने की मांग की थी।

सीबीआई का तर्क था कि पंचकूला की विशेष अदालत को हरियाणा में सीबीआई से जुड़े मामलों की सुनवाई का अधिकार है। हालांकि, हाईकोर्ट ने इस दलील को स्वीकार नहीं किया। मामले की सुनवाई गुरुग्राम में ही चलेगी।

रत्नावली

3000 कलाकार 7 मंचों पर करेंगे प्रतिभा प्रदर्शन

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने किया चार दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ

हरियाणवी संस्कृति का दिखा रंग, रागनियों और कविताओं ने बांधा समां

तरुण वधवा ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा की समृद्ध संस्कृति, लोक परंपराओं और प्रतिभाओं को देश-दुनिया में पहचान दिलाने में रत्नावली महोत्सव अहम भूमिका निभा रहा है। यह महोत्सव न केवल प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का मंच है, बल्कि नई पीढ़ी को जड़ों से जोड़ने का भी प्रभावी माध्यम है। यह बात सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने रविवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में चार दिवसीय राज्य स्तरीय रत्नावली महोत्सव के उद्घाटन पर कही।

उन्होंने कहा कि हरियाणा की पहचान उसकी संस्कृति, लोक परंपराओं, उत्साह और जीवंत जीवनशैली से है। 'देशां में देश हरियाणा, जित दूध-दही का खाणा' जैसी कहावत प्रदेश की विशिष्ट पहचान को दर्शाती है। हरियाणा की संस्कृति और यहां की प्रतिभाओं की गूंज दिल्ली ही नहीं, बल्कि पूरे देश और दुनिया तक पहुंचनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कलाकार अपनी प्रस्तुतियों के लिए कड़ी मेहनत करते हैं, जबकि दर्शक इनका आनंद लेते हैं। यही सांस्कृतिक आयोजनों की खूबसूरती है। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि रत्नावली महोत्सव युवाओं की प्रतिभा निखारने और रचनात्मकता को अभिव्यक्ति देने का सशक्त मंच है। इसके माध्यम से युवा अपनी कला प्रदर्शित कर विशिष्ट पहचान बना सकते हैं।







कुरुक्षेत्र। रत्नावली महोत्सव का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते व हरियाणवी मीडिया चौपाल को संबोधित करते कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी और बीन बजाते कलाकार।

पारंपरिक खानपान और वेशभूषा को मिल रहा बढ़ावा

रत्नावली महोत्सव में हरियाणवी संस्कृति, खानपान और पारंपरिक वेशभूषा को अपनाने का संदेश दिया गया। हरियाणवी मीडिया चौपाल में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने युवाओं से अपने खानपान में मोटे अनाज यानी मिलेट्स शामिल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान के अनुरूप बाजरा, मोठ और रागी जैसे पौष्टिक अनाज को भोजन का हिस्सा बनाना चाहिए। गुड़ से बना चूरमा जैसे पारंपरिक व्यंजन भी स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देते हैं। इससे प्रदेश की कृषि परंपरा को मजबूती मिलेगी और किसानों की फसलों को प्रोत्साहन मिलेगा। मंत्री ने कहा कि रत्नावली में शुरू हुए हरियाणवी फैशन शो का असर अब सामाजिक जीवन में भी दिखाई देने लगा है। युवाओं में धोती-कुर्ता और महिलाओं में पारंपरिक हरियाणवी वेशभूषा के प्रति आकर्षण बढ़ रहा है। गांवों और शहरों में लोग विवाह और पारिवारिक आयोजनों में भी पारंपरिक परिधान अपना रहे हैं। यह महोत्सव की बड़ी सांस्कृतिक उपलब्धि है।

श्रीमद्भगवद्गीता प्रांगण में हरियाणवी मीडिया चौपाल का किया उद्घाटन

महोत्सव के तहत श्रीमद्भगवद्गीता प्रांगण में हरियाणवी मीडिया चौपाल का भी उद्घाटन किया गया। मंत्री ने कहा कि युवाओं को हरियाणवी संस्कृति और लोककला को अपने जीवन में अपनाना चाहिए, ताकि इसे आने वाली पीढ़ियों तक विरासत के रूप में पहुंचाया जा सके। हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. महासिंह पूनिया ने कहा कि हरियाणवी की कोरवी, बागड़ी, ब्रज, मेवाती और अहीरवाटी जैसी बोलियों को साथ लेकर इसकी व्यापक पहचान स्थापित की जा सकती है। युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला ने बताया कि महोत्सव में तीन हजार कलाकार सात मंचों पर प्रस्तुतियां देंगे।

रागनियों और कविताओं ने दिया सामाजिक संदेश

महोत्सव के पहले दिन हरियाणवी रागनियों, लोकगीतों और कविताओं की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। मायावती, चंद्रावल सहित अन्य कलाकारों ने लोकगीतों और रागनियों से हरियाणा की मिट्टी की खुशबू बिखेरी। कार्यक्रम में मायावती, चंद्रावल और अन्य कलाकारों ने हरियाणवी रागनियों और लोकगीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मनोरंजन किया। 'गोरी है काली, मुझे ला दे हरी-हरी चूड़ियां' जैसे लोकगीतों ने हरियाणवी लोक संगीत की मिठास को मंच पर जीवंत कर दिया। कलाकारों की प्रस्तुतियों में हरियाणा की मिट्टी, परंपराओं और संस्कृति की झलक देखने को मिली। वहीं जतिन ने 'बाबू, बेटी और पढ़ाई' कविता के माध्यम से बेटियों की शिक्षा और कम उम्र में विवाह रोकने का संदेश दिया। वीरेंद्र ने मां के त्याग, प्रेम और समर्पण पर आधारित भावपूर्ण कविता प्रस्तुत की। रागनी और कविता प्रस्तुत करने वाले कलाकारों को सम्मानित भी किया गया। इस तरह पहले दिन मंच पर मनोरंजन के साथ सामाजिक जागरूकता और सांस्कृतिक विरासत का अनूठा संगम देखने को मिला।

खबर संक्षेप

120 किमी की रफ्तार से एसयूवी ने दो कारों को मारी टक्कर, एक पलटी

गुरुग्राम। शहर के व्यस्त और वीआईपी इलाकों में शामिल गोल्फ कोर्स रोड पर देर रात तेज रफ्तार लग्जरी एसयूवी ने दो गाड़ियों को टक्कर मार दी। हादसे में एक टैक्सी सड़क के बीचोंबीच पलट गई, जबकि दूसरी गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना में एक टैक्सी चालक घायल हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दुर्घटनाग्रस्त गाड़ियों के एयरबैग खुल गए। हादसे की पूरी घटना पीछे चल रही एक कार के डैशकैम में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सामने आया है। घटना रैपिड मेट्रो लाइन के नीचे देर रात करीब 1:20 बजे की बताई जा रही है। हादसे के बाद पलटी हुई टैक्सी का चालक गाड़ी के अंदर फंस गया। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास मौजूद सुरक्षाकर्मी और राहगीर मौके पर पहुंचे। उन्होंने काफी मशक्कत के बाद चालक को गाड़ी से बाहर निकाला और नजदीकी निजी अस्पताल पहुंचाया।

जूस की दुकान में ग्राहक के पैर पर चढ़ा अजगर

कुरुक्षेत्र। पिहोवा में जूस पीने पहुंचे एक ग्राहक के पैर पर अचानक 5-6 फीट लंबा अजगर चढ़ गया। ग्राहक ने बताया कि उसे पहले तो पैर के नीचे किसी नरम तकिए जैसी चीज का अहसास हुआ। तभी पास खड़े व्यक्ति ने बताया कि उसके पैर के नीचे सांप है। यह सुनते ही युवक ने तुरंत पैर पीछे खींच लिया। दुकान के अंदर करीब 10 किलो वजनी अजगर देखकर दुकानदार और वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। अजगर को पकड़ने के लिए दुकान के वर्करों ने कोशिश शुरू की, लेकिन वह दुकान के पिछले कोने में बने बिल के अंदर घुस गया। घटना पिहोवा बस स्टैंड के पास अशोक जूस कॉर्नर नाम की दुकान की है। शनिवार शाम 6 बजे गढ़ी सिंघा गांव निवासी मनजीत सिंह (40) दुकान पर जूस पीने आया था। इसी दौरान उसका पैर दुकान के अंदर घुस रहे अजगर पर पड़ गया। इसके बाद बिल को खोदकर अजगर को बाहर निकालने का रास्ता बनाया गया और उसके ऊपर कपड़ा डालकर उसे काबू किया गया।


माफिया बेखौफ: अवैध खनन पर कार्रवाई की कोशिश पर दुस्साहस

डंपर चालक ने एसडीएम को ही कुचलने का किया प्रयास

- पुलिस ने डंपर चालक और क्रेटा कार में सवार लोगों के खिलाफ दर्ज किया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के व्यासपुर क्षेत्र में अवैध खनन के वाहनों पर कार्रवाई करने की कोशिश के दौरान एक डंपर चालक ने एसडीएम को कुचलने का प्रयास किया। आरोप है कि चालक ने रुकने का इशारा करने के बावजूद डंपर नहीं रोका और एसडीएम की ओर वाहन बढ़ा दिया। एसडीएम ने किसी तरह खुद को बचाया। इसी दौरान पीछे से आ रही सफेद रंग की हुंडई क्रेटा कार ने भी उनकी गाड़ी का रास्ता रोकने का प्रयास किया। ताकि डंपर चालक मौके से फरार हो सके। मामले में एसडीएम की शिकायत पर सढौरा थाना पुलिस ने डंपर चालक और क्रेटा कार में सवार लोगों के खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।



व्यासपुर के एसडीएम डाक्टर कुलदीप सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सुबह के वक्त वह व्यासपुर से सादौरा में कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान उन्हें एक डंपर आता दिखाई दिया। उन्हें शक हुआ कि डंपर में अवैध खनन की सामग्री ले जाई जा रही है। वाहन की नंबर प्लेट भी स्पष्ट दिखाई नहीं दे रही थी।इस पर उन्होंने डंपर को रुकने का इशारा किया। लेकिन चालक ने वाहन रोकने के बजाय उसकी रफ्तार बढ़ा दी और उनकी ओर डंपर चढ़ाने का प्रयास किया। एसडीएम के अनुसार डंपर चालक की मंशा उन्हें कुचलने की थी। उन्होंने किसी तरह अपने आप को बचाया। इसके बाद उन्होंने पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी और डंपर का पीछा करने लगे।

क्रेटा कार चालक ने गाड़ी बीच में अड़ाई

एसडीएम डाक्टर कुलदीप सिंह के अनुसार इसी दौरान डंपर के पीछे चल रही सफेद रंग की हुंडई क्रेटा कार उनके और डंपर के बीच आ गई। आरोप है कि क्रेटा चालक ने जानबूझकर अचानक ब्रेक लगाए और गाड़ी को जिग-जैग तरीके से चलाकर उनका रास्ता रोकने की कोशिश की। इससे डंपर चालक को भागने का मौका मिल गया। उन्होंने पूरी घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग भी अपने मोबाइल फोन में की है। सढौरा थाना प्रभारी लखविंद्र सिंह ने बताया कि एसडीएम की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

गाड़ी पलटने से एक छात्रा की मौत प्रोफेसर समेत दो की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

कनीना रोड पर सलीमपुर मंदिर के पास रविवार सुबह करीब साढ़े सात बजे दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हादसे में एक छात्रा की मौत हो गई। जबकि एक अन्य छात्रा और प्रोफेसर गंभीर रूप से घायल हो गए। राजस्थान के बहरोड़ के पास गांव भिटेड़ा स्थित कॉलेज की छात्राएं दो दिन पहले टूर वृंदावन और मथुरा गई थीं। सुबह सभी छात्राएं समय पर कॉलेज परिसर पहुंच गई थी। प्रोफेसर डॉ. जयपाल अपनी गाड़ी में छात्राओं को उनके घरों तक छोड़ने के लिए निकले। जैसे ही गाड़ी कनीना रोड पर सलीमपुर मंदिर के पास पहुंची, अचानक संतुलन बिगड़ने से सड़क से नीचे उतरकर खाई में पलट गई। हादसे में दो छात्राएं और चालक डॉ. जयपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही अटेली कि निजी हॉस्पिटल की एंबुलेंस मौके पर पहुंची। अस्पताल ले जाने के दौरान 19 वर्षीय छात्रा रितु ने दम तोड़ दिया। दूसरी घायल छात्रा को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है, जबकि डॉ. जयपाल का उपचार जारी है।

ऑस्ट्रेलिया में ट्रक हादसे ने बुझाया करनाल के घर का इकलौता चिराग

करनाल। जिले के बयाना गांव के 24 वर्षीय तुषार की ऑस्ट्रेलिया में दो ट्रकों की आमने-सामने की टक्कर में मौत हो गई। बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। जिस घर में बेटे की वापसी और शादी की तैयारियों को लेकर खुशियां आने वाली थीं, वहां अब मातम पसरा हुआ है।

बेटे का भविष्य संवारने के लिए बेच दी जमीन और पशुबाड़ा: तुषार के पिता राकेश कुमार पेशे से दर्जी हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने और बेटे का भविष्य संवारने के लिए उन्होंने अपनी जमीन और पशुबाड़ा तक बेच दिया था। इसके अलावा कर्ज लेकर करीब 15 लाख रुपये खर्च किए और एक जनवरी 2022 को तुषार को अध्ययन वीजा पर ऑस्ट्रेलिया भेजा था। तुषार ने 12वीं तक पढ़ाई की थी। विदेश में पढ़ाई के साथ-साथ वह ट्रक चलाने का काम भी करने लगा था। परिजनों के अनुसार, 30 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 9 बजे न्यू साउथ वेल्स के गनिंग के पास ह्यूम हाईवे पर यह हादसा हुआ। तुषार ट्रक चला रहा था। इसी दौरान उसका ट्रक दूसरे ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि तुषार की मौके पर ही मौत हो गई।

एक दिन पहले ही हुई थी परिवार से बात

तुषार ने हादसे से एक दिन पहले यानी 29 अक्टूबर को ही परिवार से फोन पर बातचीत की थी। इस दौरान घर में बन रहे नए मकान को लेकर चर्चा हुई थी। तुषार ने जनवरी 2027 में भारत लौटने की बात भी कही थी। परिवार में उसकी शादी की चर्चा चल रही थी और नए मकान को भी इसी उम्मीद के साथ तैयार किया जा रहा था।



दस दिन में पार्थिव शरीर गांव पहुंचने की उम्मीद

तुषार के परिवार में उसकी मां, छोटा भाई, दादी और चाचा हैं। हादसे की सूचना भारतीय समयानुसार सुबह करीब पांच बजे परिवार को मिली। पिता राकेश कुमार ने सरकार से बेटे का पार्थिव शरीर जल्द भारत लाने में मदद की गुहार लगाई है। ऑस्ट्रेलिया में तुषार के साथी भी पार्थिव शरीर भारत भेजने की कानूनी प्रक्रिया में सहयोग कर रहे हैं। परिजनों को करीब दस दिनों में उसका पार्थिव शरीर गांव पहुंचने की उम्मीद है।

बच्ची से मारपीट में पंचकूला स्कूल की प्रिंसिपल निलंबित

- *शनिवार रात जेबीटी पूजा व सिमरनजीत कौर को भी किया गया था सस्पेंड*

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने पंचकूला के सेक्टर-20 स्थित शहीद मेजर अनुज राजपूत राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्रिंसिपल नीलू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से एक नवंबर को जारी आदेश में हरियाणा सिविल सेवा (दंड एवं अपील) नियम, 2016 के नियम पांच के तहत यह कार्रवाई की गई है। निलंबन अवधि के दौरान नीलू को निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। इस अवधि में उनका मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, अंबाला का कार्यालय रहेगा। सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना वह मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगी। आदेश हरियाणा सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव विजय सिंह दहिया ने जारी किया है। हालांकि, निलंबन आदेश में कार्रवाई के कारणों का उल्लेख नहीं किया गया है।

स्कूल में बच्ची को पीटने की घटना से चर्चा में पंचकूला

पंचकूला के एक स्कूल में पिछले दिन तीसरी कक्षा के एक छात्र द्वारा किंडरगार्टन की बच्ची पर पत्थरों और गमले से हमला किए जाने की घटना सामने आई थी। हमले में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई थी। शनिवार देर रात इस मामले में जेबीटी पूजा रानी व सिमरनजीत कौर को भी सस्पेंड किया गया था।

होटल में गर्लफ्रेंड की गला घोंटकर हत्या

फरीदाबाद। शहर के एक होटल रूम में 35 वर्षीय युवती की हत्या कर दी गई। युवती शनिवार को अपने बॉयफ्रेंड के साथ होटल में आई थी। दोनों ने कपल बताकर कमरा बुक कराया और दिनभर कमरे में ही रहे। दोपहर में दोनों ने साथ खाना खाया। देर रात होटल कर्मचारी ने कमरे का दरवाजा खुला देखा। अंदर गया तो युवती बेड पर मृत पड़ी थी। कर्मचारी ने शोर मचाया तो होटल मैनेजर और अन्य स्टाफ वहां पहुंचे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस युवती को तुरंत सिविल अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को शक है कि युवती की गला घोंटकर हत्या की गई है। उसकी पहचान बिहार के खड़गपुर की चांदनी (35) के रूप में हुई है। युवक ने अपना नाम शेखर दर्ज करवाया।

किराए को लेकर दो पक्षों में चले गंडासे-हथौड़े, कई जख्मी

दुकान का ताला तोड़ने से लेकर मारपीट तक की सारी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

किराए को लेकर चल रहे विवाद में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। इस दौरान गंडासे, लाठी-डंडों, कैंची और हथौड़े से एक-दूसरे पर हमला किया गया। घटना का 4 मिनट 51 सेकंड का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इसमें कुछ लोग दुकान का ताला तोड़ने की कोशिश करते दिखाई दे रहे हैं। इसी दौरान कैलाश बचने के लिए दुकान के अंदर घुसता है, लेकिन हमलावर उसे खींचकर बाहर निकालते हैं और गंडासे से कई वार करते हैं। उसकी पत्नी को धक्का देकर जमीन पर गिराया जाता है, जबकि कैलाश के हाथ-पैर पर हथौड़े से हमला किया जाता है। उसके बेटे पर भी गंडासे से वार किए गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अब आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। कैलाश चंद की शिकायत पर पुलिस ने यशपाल उर्फ बंटी, आशु शर्मा, कुलदीप, गौरव, पृथ्वी सिंह और दीपक गुप्ता समेत अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है।





कैंची, कुल्हाड़ी से किया हमला, तीन टांके आए

कैलाश के अनुसार, वह दोपहर करीब ढाई से पौने तीन बजे अपने बड़े भाई विमल के घर बैठा था। तभी बेटे ने फोन कर बताया कि कुछ युवक किराए पर दी गई दुकान का ताला तोड़कर कब्जा करने पहुंचे हैं। मौके पर पहुंचने पर युवकों ने उसे घेरकर हमला कर दिया। कैलाश ने आरोप लगाया कि यशपाल उर्फ बंटी और चीनू ने हथौड़े से पैर पर वार किया, जिससे फ्रैक्चर हो गया। दीपक गुप्ता ने मुक्के-थप्पड़ मारे, एक युवक ने कैंची से छाती पर वार किया और आशु शर्मा ने कुल्हाड़ी से माथे पर हमला किया, जिसमें तीन टांके आए। उसने पत्नी और बेटे से भी मारपीट तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। कैलाश के मुताबिक, दुकान उसकी पत्नी के नाम है और किरायानामा भी उसी के नाम पर है। दुकान 10 हजार रुपये मासिक किराए पर दी गई थी। करीब तीन महीने का किराया और बिजली बिल बकाया होने के कारण उसने दुकान पर ताला लगाया था। दुकान व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर जांच अधिकारी को सौंप दी गई है।

ये हैं दूसरे पक्ष के आरोप

दूसरे पक्ष के शिवम शर्मा और यशपाल का आरोप है कि कैलाश ने उनके दोस्त की दुकान पर ताला लगाया था। शिवम के अनुसार, वह दोस्त और अन्य साथियों के साथ ताला खुलवाने पहुंचा था। इसी दौरान कैलाश दूसरी दुकान से गंडासी लेकर आया और उस पर तथा उसके दोस्त पर हमला किया। शिवम ने कैलाश की पत्नी और बेटे पर भी मारपीट करने का आरोप लगाया है।

यूरोप, अमेरिका व पूर्वी एशिया से आती हैं इस्तेमाल हुए कपड़ों की गांठें

पुराने विदेशी कपड़ों से पानीपत बुन रहा कारोबार की नई कहानी

विनोद ▶▶| पानीपत

दुनिया के फैशन बाजार में जिन कपड़ों को इस्तेमाल के बाद बेकार समझकर छोड़ दिया जाता है, वे हजारों किलोमीटर का सफर तय कर पानीपत पहुंचते हैं। यहां इन्हें दोबारा बाजार मिलता है। जो कपड़े पहनने लायक होते हैं, वे देशभर के बाजारों में बिकते हैं और जो खराब हो चुके होते हैं, उनसे धागा तैयार किया जाता है। इसी हुनर के दम पर पानीपत विदेश के पुराने कपड़ों से कारोबार की नई कहानी गढ़ रहा है। शहर में विदेशों से आने वाले पुराने कपड़ों की छंटाई, बिक्री और पुनर्चक्रण की पूरी औद्योगिक श्रृंखला विकसित हो चुकी है।



एक खेप से दो तरह का कारोबार

छंटाई में खराब, कटे-फटे या दाग वाले कपड़ों को पुनर्चक्रण के लिए भेज दिया जाता है। इनमें से बटन, जिप और दूसरी सामग्री हटाकर कपड़ों को मशीनों में काटा जाता है। फिर बड़ी मशीनों से रेशे निकाले जाते हैं और उनसे दोबारा धागा तैयार होता है। स्थानीय कारोबार में इसे 'सेकंड का धागा' कहा जाता है। इस धागे से कंबल, कालीन और टेक्सटाइल के अन्य उत्पाद तैयार किए जाते हैं। इन उत्पादों का बाजार भारत के साथ बांग्लादेश, वियतनाम और केन्या जैसे देशों में भी है। इस तरह एक ही खेप का अच्छी हालत वाला हिस्सा दोबारा पहनने के काम आता है, जबकि अनुपयोगी हिस्सा नए उत्पादों का कच्चा माल बन जाता है।

इन देशों से आते हैं कपड़े

दक्षिण कोरिया और यूरोप के विभिन्न देशों के अलावा अमेरिका और पूर्वी एशिया से भी इस्तेमाल किए हुए कपड़ों की खेप भारत पहुंचती है। ये कपड़े कांडला बंदरगाह के रास्ते पानीपत लाए जाते हैं। यहां इनकी गुणवत्ता के आधार पर छंटाई होती है। अच्छी हालत वाले कपड़ों को अलग कर गांठें बनाई जाती हैं। एक गांठ का वजन 50 किलो से लेकर एक क्विंटल तक होता है। इनमें गर्मी और सर्दी के कपड़ों के साथ महिला, पुरुष और बच्चों के परिधान शामिल होते हैं। इनकी बिक्री किलो के भाव से होती है। दिल्ली के सरोजिनी नगर जैसे बाजारों तक भी ये कपड़े पहुंचते हैं।

दो लाख से अधिक लोगों को रोजगार

एक रिपोर्ट के अनुसार, पानीपत में हर साल करीब 10 लाख टन कपड़ा कचरा प्रसंस्कृत होता है। इस पूरे पुनर्चक्रण उद्योग का अनुमानित सालाना कारोबार 7,000 से 8,000 करोड़ रुपये है और इससे दो लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिलता है। शहर में इस काम से जुड़ी करीब 350 से 400 विनिर्माण इकाइयां हैं। रिपोर्ट में एक आयातक के हवाले से बताया गया है कि वह हर महीने 15 कंटेनर पुराने कपड़े मंगवाता है। प्रत्येक कंटेनर में करीब 350 गांठें होती हैं और एक कंटेनर की कीमत गुणवत्ता के अनुसार 30 से 50 लाख रुपये तक रहती है। यहां ऐसे कई आयातक हैं।

रोजगार के साथ पर्यावरण की चुनौती

2026 के एक अध्ययन के अनुसार, 350 से अधिक इकाइयों में सालाना 7,684 टन खतरनाक औद्योगिक कीचड़ भी पैदा होता है। ऐसे में पानीपत के इस बड़े कारोबार को टिकाऊ बनाने के लिए कामगारों की सुरक्षा, अपशिष्ट का उचित निस्तारण और प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था मजबूत करना भी जरूरी है।

गुरुग्राम में एसएचओ से भिड़े कांग्रेस विधायक पीछे से पीठ को थपथपाकर बोले- ज्यादा मत बन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नूंह

नूंह के कांग्रेस विधायक आफताब अहमद रविवार को गुरुग्राम में पुलिस से भिड़ गए। सोहना सिटी एसएचओ की टीम ने उनका काफिला रोक लिया था। जिसके बाद वो गाड़ी से उतरे और सोहना सिटी एसएचओ से बहस करने लगे। दरअसल, पुलिस ने उनका काफिला दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की रैली में जाते हुए रोक लिया था। इससे विधायक नाराज हो गए। इस दौरान विधायक ने पीछे से पुलिसकर्मी की पीठ थपथपाते हुए कहा- 'ज्यादा न बन'। इस पर पुलिसकर्मी ने जवाब दिया- आप ज्यादा बन रहे हो, वाहियात बात कर रहे हो। दोनों में हुई बहस को लोगों ने रिकॉर्ड कर लिया।

करनाल में पुलिस ने रोकीं कांग्रेस के काफिले की काली फिल्म व स्टीकर वाली गाड़ियां, नेताओं ने संभाला मोर्चा

करनाल। दिल्ली में 'वोट बचाओ-देश बचाओ' राष्ट्रीय रैली में शामिल होने जा रहे करनाल कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं को रास्ते में पुलिस ने रोक दिया। इस दौरान लोकसभा प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा और जिला कांग्रेस अध्यक्ष पराग के नेतृत्व में जा रही कांग्रेस की टीम की पुलिस अधिकारियों के साथ तीखी नोकझोंक हुई। काफी देर तक मौके पर गहमागहमी बनी रही। पुलिस अधिकारियों ने कांग्रेस नेताओं को स्पष्ट किया कि जिन वाहनों पर काली फिल्म लगी है या स्टीकर चिपके हुए हैं, उन्हें आगे जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि वे अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं और नियमों के अनुसार ही वाहनों को आगे जाने दिया जाएगा। कांग्रेस नेताओं ने खुद संभाली व्यवस्था पुलिस के साथ बातचीत के बाद कांग्रेस नेताओं ने खुद मौके पर खड़े होकर बिना काली फिल्म और बिना स्टीकर वाली गाड़ियों को आगे निकलवाया। उन्होंने वाहनों को अलग-अलग करवाकर रैली में जाने वाले कार्यकर्ताओं का रास्ता सुधारु करने का प्रयास किया। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि वे शांतिपूर्ण तरीके से दिल्ली में राष्ट्रीय रैली में शामिल होने जा रहे हैं। वहीं, पुलिस अधिकारियों ने वाहन संबंधी नियमों का हवाला देते हुए कार्रवाई को ड्यूटी का हिस्सा बताया।



खबर संक्षेप

टाटा मोटर्स की बिक्री में 23 फीसदी का उछाल



नई दिल्ली। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने बताया कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अक्टूबर में उसकी कुल बिक्री 23 प्रतिशत बढ़कर 75,426 इकाई पर पहुंच गई। कंपनी ने पिछले साल के इसी महीने में कुल 61,295 वाहन बेचे थे। पिछले महीने घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की उसकी बिक्री 21 प्रतिशत बढ़कर 73,894 इकाई हो गई।

एचएमएसआई की कुल बिक्री में 13 प्रतिशत वृद्धि

नई दिल्ली। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने रविवार को कहा कि घरेलू बाजार और निर्यात को मिलाकर अक्टूबर में उसकी कुल थोक बिक्री सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 7.34 लाख इकाई हो गई। वाहन विनिर्माता कंपनी ने अक्टूबर, 2025 में 6.50 लाख इकाइयां बेची थीं। समीक्षाधीन अवधि में कंपनी की घरेलू बिक्री सालाना आधार पर 11 प्रतिशत बढ़कर 5.98 लाख इकाई से 6.64 लाख इकाई हो गई, जबकि निर्यात 35 प्रतिशत बढ़कर 51,644 इकाई से 69,735 इकाई पर पहुंच गया।

जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर की बिक्री 19 फीसदी बढ़ी



नई दिल्ली। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया की अक्टूबर, 2026 में थोक बिक्री सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़कर 8,013 वाहन पर पहुंच गई। कंपनी के अनुसार, हाल ही में पेश किए गए मॉडल एमजी हेक्टर टॉमहॉक ईवी और विंडसर इंडल्ज एडिशन को ग्राहकों की जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली है।

'निष्क्रिय' कंपनियों को बाजार से हटाने काम कर रहा सेबी : पांडेय

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ऐसी सूचीबद्ध कंपनियों को शेयर बाजार से हटाने के लिए काम कर रहा है, जो वास्तव में किसी प्रकार की आर्थिक गतिविधियों में शामिल नहीं हैं। सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि ऐसी कंपनियों की बाजार में मौजूदगी निवेशकों के लिए संभावित खतरा बन सकती है।

पांडेय ने कहा कि शेयर बाजार में कई ऐसी कंपनियां सूचीबद्ध हैं, जिनकी कोई वास्तविक कारोबारी गतिविधि नहीं है।

इन कंपनियों के शेयरों का इस्तेमाल कुछ बाजार संचालक कीमतों में कृत्रिम तेजी लाने और बाद में शेयर बेचकर मुनाफा कमाने यानी 'पंप एंड डंप' गतिविधियों के लिए करते हैं। इससे छोटे और खुदरा निवेशकों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसलिए ऐसी कंपनियों को बाजार से हटाना जरूरी है।

सेबी चेयरमैन ने कहा, कृत्रिम तेजी लाने में उपयोग किया जा रहा

कुछ कंपनियां अब भी चिंता का विषय

लघु एवं मझोला उद्यम (एसएमई) कंपनियों की सूचीबद्धता व्यवस्था पर पांडेय ने कहा कि नियामक ने इस ढांचे को अधिक प्रभावी बनाने के लिए परामर्श पत्र के माध्यम से कई बदलाव प्रस्तावित किए हैं। हालांकि, उन्होंने स्वीकार किया कि पुरानी सूचीबद्ध कंपनियों में से कुछ अब भी चिंता का विषय बनी हुई हैं।

निवेश निर्णयों को प्रभावित करते हैं

कंपनियों की कमाई की संभावनाएं, नए क्षेत्रों का विकास, मुद्रा विनिमय दरों में बदलाव, अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दरें और वैश्विक बॉण्ड प्रतिफल भी उनके निवेश निर्णयों को प्रभावित करते हैं।

पांडेय के अनुसार, सेबी का प्रयास भारतीय बाजार में विदेशी निवेशकों के लिए पंजीकरण से लेकर निवेश जारी रखने तक की पूरी प्रक्रिया को अधिक सरल और सुगम बनाना है।



जोखिम की सीमा तय करने पर होगा विचार

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के संदर्भ में पांडेय ने कहा कि नियामक आने वाले कुछ सप्ताह में एक और परामर्श पत्र जारी कर सकता है। इसमें खासतौर पर खुलासा संबंधी नियम और एक ही जगह निवेश या जोखिम की सीमा संबंधी प्रस्ताव को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक दुनिया के विभिन्न बाजारों में निवेश करते हैं।

निवेशकों को फंसाए जाने का जोखिम

सोशल मीडिया और विभिन्न ऑनलाइन समूहों के माध्यम से निवेशकों को ऐसे शेयरों में फंसाए जाने का जोखिम बना रहता है। इससे निपटने के लिए सेबी कृत्रिम मेधा (एआई) तकनीक का इस्तेमाल कर संदिग्ध खातों और गतिविधियों की निगरानी कर रहा है। निवेशकों को धोखाधड़ी से बचाने के लिए कई अन्य कदम भी उठाए जा रहे हैं।

पिछले वित्त वर्ष के समान अवधि के मुकाबले 63.3 फीसदी अधिक

तीन सार्वजनिक पेट्रोलियम कंपनियों को दूसरी तिमाही में 30,106 करोड़ रुपये का मुनाफा


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की तीन सरकारी पेट्रोलियम विपणन कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में कुल 30,106 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया है। यह पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 68.3 प्रतिशत अधिक है।

कंपनियों के बेहतर प्रदर्शन में मजबूत रिफाइनिंग मार्जिन और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से भंडारण लाभ की अहम भूमिका रही। हालांकि, पेट्रोल-डीजल की बिक्री पर हो रहे नुकसान और एलपीजी सब्सिडी की बढ़ती बकाया राशि ने कंपनियों की चिंता बढ़ा रखी है। तीनों कंपनियों का सितंबर तिमाही का संयुक्त मुनाफा पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले काफी अधिक रहा। वहीं, चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनियों को संयुक्त रूप से लगभग 18,150 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। इस तरह दूसरी तिमाही में कंपनियों ने जोरदार वापसी की है। खास बात यह है कि सितंबर तिमाही का मुनाफा वित्त वर्ष 2025-26 में तीनों कंपनियों के कुल 77,281 करोड़ रुपये के लाभ का करीब 39 प्रतिशत है।

तीनों कंपनियों के प्रदर्शन में इंडियन ऑयल सबसे आगे रही। कंपनी ने सितंबर तिमाही में 21,630 करोड़ रुपये का अबतक का सर्वाधिक एकल शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो पिछले साल की समान अवधि के 7,610 करोड़ रुपये का करीब तीन गुना है। यह कंपनी के पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के 36,802 करोड़ रुपये के मुनाफे का लगभग 59 प्रतिशत है।

चालू वित्त वर्ष जुलाई-सितंबर तिमाही में शुद्ध मुनाफा कमाया



रिफाइनिंग मार्जिन में सुधार से मुनाफा बढ़ा

दूसरी ओर, बीपीसीएल का एकल शुद्ध लाभ 22.5 प्रतिशत घटकर 4,993 करोड़ रुपये और एचपीसीएल का मुनाफा नौ प्रतिशत कम होकर 3,483 करोड़ रुपये रह गया। एक साल पहले की समान तिमाही में इन दोनों कंपनियों का मुनाफा काफी ऊंचा रहा था। कंपनियों के मुनाफे में बढ़ोतरी का प्रमुख कारण रिफाइनिंग मार्जिन में सुधार रहा।

सिलेंडर पर नुकसान 370 रुपए पहुंचने का अनुमान

आईओसी के निदेशक (वित्त) अनुज जैन ने निवेशकों के साथ बातचीत में कहा कि एलपीजी पर प्रति सिलेंडर नुकसान सितंबर में 184 रुपये था, जो अक्टूबर में बढ़कर 229 रुपये हो गया। नवंबर में इसके 309 रुपये और दिसंबर में 370 रुपये प्रति सिलेंडर तक पहुंचने का अनुमान है। पेट्रोल और डीजल की कीमतें बाजार के अनुरूप तय करने की व्यवस्था है, इसलिए इनकी बिक्री पर होने वाला नुकसान कंपनियों को खुद उठाना पड़ता है।

कीमतों में गिरावट से 7000 करोड़ रुपए का भंडारण लाभ

इसके अलावा, जून के मध्य से अगस्त के मध्य के बीच कच्चे तेल की कीमतों में अस्थायी गिरावट से कंपनी को करीब 7,000 करोड़ रुपये का भंडारण लाभ हुआ। हालांकि, कंपनियों की वित्तीय स्थिति का दूसरा पहलू भी है। पेट्रोल और डीजल की कीमतें मई से स्थिर बनी हुई हैं, जबकि घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम मार्च से नहीं बदले हैं।

कीमतों में बदलाव नहीं होने से उठाना पड़ रहा नुकसान

अंतरराष्ट्रीय बाजार में पेट्रोलियम उत्पादों और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद खुदरा कीमतों में बदलाव नहीं होने से कंपनियों को बिक्री पर नुकसान उठाना पड़ रहा है। उद्योग सूत्रों के मुताबिक, पिछले महीने तक कंपनियों को पेट्रोल की बिक्री पर चार से पांच रुपये और डीजल पर 18 से 20 रुपये प्रति लीटर का नुकसान हो रहा था। एलपीजी के मोर्चे पर भी कंपनियों का घाटा लगातार बढ़ रहा है।

अमेरिकी मध्यावधि चुनाव पर निवेशकों की रहेगी नजर

कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

नई दिल्ली। अमेरिका और ईरान के बीच फिर से संघर्ष की आशंका बढ़ने सहित भू-राजनीतिक घटनाक्रम, कच्चे तेल की कीमतें और कंपनियों के तिमाही नतीजे इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा तय करने वाले प्रमुख कारक होंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। इसके अलावा, अमेरिकी मध्यावधि चुनाव, विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों और व्यापक आर्थिक आंकड़ों की घोषणाओं पर भी बाजार के निवेशकों की नजर रहेगी।



रेलिगेयर ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, इस सप्ताह बाजार का ध्यान सितंबर तिमाही के नतीजों, प्रमुख आर्थिक आंकड़ों और वैश्विक घटनाक्रमों पर रहेगा। निवेशक कंपनियों के प्रदर्शन का आकलन करेंगे और यह देखेंगे कि क्या उनकी आय में लगातार वृद्धि, लाभ मार्जिन में मजबूती और मांग में सुधार के संकेत मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि बैंकों के नतीजों से ऋण वृद्धि, जमा जुटाने और परिसंपत्तियों की गुणवत्ता का पता चलेगा, जबकि वाहन, उपभोक्ता और औद्योगिक क्षेत्र की कंपनियों के नतीजे घरेलू मांग की स्थिति का व्यापक आकलन करने में मदद करेंगे।

रिलायंस को बढ़े हुए मार्जिन का फायदा मिला

कंपनी के तेल से रसायन कारोबार को वैश्विक स्तर पर ईंधन के बढ़े हुए मार्जिन का फायदा मिला, जबकि दूरसंचार कारोबार की वृद्धि ने खुदरा कारोबार के अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन की भरपाई की। जियो प्लेटफॉर्म्स ने शुक्रवार को बताया कि सितंबर, 2026 तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 13.7 प्रतिशत बढ़कर 8,389 करोड़ रुपये रहा।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

कोल इंडिया का कोयला उत्पादन अक्टूबर में 19.3 प्रतिशत बढ़ा

कोलकाता। कोल इंडिया लिमिटेड का अक्टूबर में कोयला उत्पादन सालाना आधार पर 19.3 प्रतिशत बढ़कर 6.72 करोड़ टन हो गया। पिछले साल इसी महीने में कंपनी ने 5.64 करोड़ टन कोयले का उत्पादन किया था। सार्वजनिक क्षेत्र की इस खनन कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि अस्थायी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में उसका उठाव 18.7 प्रतिशत बढ़कर 7.03 करोड़ टन हो गया, जो एक साल पहले 5.92 करोड़ टन था। वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-अक्टूबर अवधि में सीआईएल का उत्पादन सालाना आधार पर 38.55 करोड़ टन से 0.7 प्रतिशत बढ़कर 38.82 करोड़ टन हो गया। इन सात महीनों के दौरान उठाव 9.2 प्रतिशत बढ़कर 45.46 करोड़ टन हो गया। सीआईएल की अनुषंगी कंपनियों में महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड ने अक्टूबर में 2.08 करोड़ टन के साथ सबसे अधिक उत्पादन दर्ज किया। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) ने 1.43 करोड़ टन का उत्पादन किया, जो 17.4 प्रतिशत की वृद्धि है। वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) ने सबसे तेज वृद्धि दर्ज की, जिसका उत्पादन 64.7 प्रतिशत बढ़कर 59 लाख टन हो गया।

लक्जरी गाड़ियों के लिए परिपक्व बाजार बना भारत : जेएलआर

नई दिल्ली। जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) इंडिया के प्रबंध निदेशक राजन अंबा ने कहा कि भारत अब विशेष रूप से तैयार की गई लक्जरी गाड़ियों के लिए एक परिपक्व बाजार बन चुका है और ग्राहक तेजी से विशिष्ट एवं अपनी पसंद के अनुरूप तैयार किए गए वाहनों को पसंद कर रहे हैं। अंबा ने कहा, "मुझे लगता है कि इस लिहाज से भारत ने वास्तव में अपनी जगह बना ली है। पिछले तीन वर्षों में हमें अच्छी सफलता मिली है।" रेंज रोवर ने शनिवार को विशेष 'रेंज रोवर एसवी सवाई कलेक्शन' पेश किया। दुनिया भर में इसकी केवल 18 गाड़ियां उपलब्ध होंगी। इस संग्रह में सवाई जयपुर एडिशन, सवाई जोधपुर एडिशन और सवाई जैसलमेर एडिशन शामिल हैं।

अक्टूबर में देश की बिजली खपत 21.88 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली। देश में बिजली की खपत अक्टूबर में सालाना आधार पर 21.88 प्रतिशत बढ़कर 159.76 अरब यूनिट (बीयू) हो गई। इसकी प्रमुख वजह त्योहारी सीजन के दौरान वाणिज्यिक और औद्योगिक मांग में वृद्धि के साथ देश के कई हिस्सों में ठंडक देने वाले उपकरणों का लगातार इस्तेमाल होना है। देश की कुल बिजली खपत अक्टूबर 2025 में 131.07 अरब यूनिट रही थी। त्योहारी सीजन के दौरान वाणिज्यिक और औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली की मांग बढ़ने के साथ देश के कई हिस्सों में ठंडक देने वाले उपकरणों का लगातार इस्तेमाल होने से अक्टूबर में बिजली की खपत बढ़ी। पिछले महीने बिजली की अधिकतम मांग भी बढ़कर 260.73 गीगावाट हो गई, जो अक्टूबर 2025 में 210.82 गीगावाट थी। देश में बिजली की अधिकतम मांग मई 2026 में 270.82 गीगावाट के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी। बिजली मंत्रालय ने 2026 के गर्मी के मौसम में अधिकतम मांग 270 गीगावाट रहने का अनुमान जताया है।

राशिफल

मेष — कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

वृष — कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी, स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

मिथुन — अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

कर्क — आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी, संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

सिंह — पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

कन्या — नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

तुला — आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

वृश्चिक — वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे, वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

धनु — रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

मकर — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खर्चे बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

कुंभ — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

मीन — रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।

मारुति की बिक्री में आया 25 प्रतिशत का उछाल

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी यात्री वाहन विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने अक्टूबर में अब तक की सर्वाधिक मासिक बिक्री दर्ज की है। बीते माह कंपनी की कुल बिक्री सालाना आधार पर 25 प्रतिशत बढ़कर 2.76 लाख इकाई रही। पिछले साल की समान अवधि का आधार प्रभाव ऊंचा होने के बावजूद कंपनी ने यह वृद्धि दर्ज की। अक्टूबर में वाहनों की बिक्री 20 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 2.12 लाख इकाई रही। सुपर कैरी और अन्य मूल उपकरण विनिर्माताओं को की गई बिक्री समेत कुल घरेलू बिक्री करीब 19 प्रतिशत बढ़कर 2.26 लाख इकाई रही। पिछले साल की समान अवधि में ऊंचे आधार प्रभाव के बावजूद बिक्री में यह मजबूत वृद्धि त्योहारी सीजन के दौरान बाजार में मजबूत मांग को दर्शाती है। मारुति सुजुकी ने कहा था कि उसके पास डीलर के यहां करीब 15-16 दिन का ही भंडार है, जबकि करीब दो लाख वाहन की बुकिंग लंबित है। ऑल्टो, बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, एस-प्रेसो, स्विफ्ट और वैगनआर जैसी यात्री कारों की बिक्री सालाना आधार पर 18.4 प्रतिशत बढ़कर करीब एक लाख इकाई रही।

अक्टूबर में पिछले चार वर्षों की सबसे तेज वृद्धि दर्ज

अक्टूबर में हुआ दूसरा सबसे बड़ा जीएसटी संग्रह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश का जीएसटी संग्रह अक्टूबर में सालाना आधार पर 22.9 फीसदी बढ़कर 2.31 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। यह अक्टूबर में पिछले चार वर्षों की सबसे तेज वृद्धि है। इसी के साथ यह अब तक का दूसरा सबसे बड़ा जीएससी संग्रह है। इससे पहले इसी साल अप्रैल में रिकॉर्ड करीब 2.43 लाख करोड़ रुपये का संग्रह हुआ था। रविवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, आयात से मिलने वाले जीएसटी में तेज बढ़ोतरी ने कुल संग्रह को मजबूत किया। अक्टूबर में आयात से मिलने वाला कर 42.2 फीसदी बढ़कर 72,246 करोड़ रुपये रहा, जबकि घरेलू जीएसटी संग्रह 15.8 फीसदी बढ़कर 1.59 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। खास बात ये है कि चालू वित्त वर्ष में यह चौथा महीना है, जब सरकार को दो लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का जीएसटी मिला है।

जुलाई में संग्रह 2.11 लाख करोड़ और सितंबर में 2.04 लाख करोड़ रुपये रहा था। अक्टूबर के कुल जीएसटी संग्रह में केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) का योगदान 42,935 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) का 51,340 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) का योगदान 1.37 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। विशेषज्ञों का कहना है कि आगे त्योहारी सीजन के कारण मांग मजबूत बने रहने की उम्मीद है और अगले महीने भी जीएसटी संग्रह अच्छा रह सकता है।

अप्रैल-अक्टूबर में 14.78 लाख करोड़ संग्रह


चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से अक्टूबर के दौरान सकल जीएसटी संग्रह 13.2 फीसदी बढ़कर 14.78 लाख करोड़ रुपए रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 13.05 लाख करोड़ रुपये था। इस दौरान शुद्ध संग्रह 12.6 फीसदी बढ़कर 12.69 लाख करोड़ रुपये रहा। सात महीने की अवधि में घरेलू सकल जीएसटी राजस्व 7.4 फीसदी बढ़कर 10.33 लाख करोड़ रुपये रहा। वहीं, आयात से मिलने वाला राजस्व 29.3 फीसदी बढ़कर 4.44 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया।



अर्थव्यवस्था में मजबूती के संकेत

ग्रांट थॉर्नटन भारत के भागीदार एवं कर विवाद प्रबंधन प्रमुख मनोज मिश्रा ने कहा कि अक्टूबर के जीएसटी आंकड़े त्योहारी सीजन में मांग में आई तेजी को दर्शाते हैं। इस दौरान आमतौर पर उपभोक्ताओं का खर्च, खुदरा गतिविधियां और विभिन्न क्षेत्रों में वस्तुओं की आवाजाही बढ़ती है। वहीम, ईवाई इंडिया के कर भागीदार सौरभ अग्रवाल ने कहा कि अक्टूबर, 2026 का जीएसटी संग्रह वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शाता है।

शब्द पहेली - 6396



बाएँ से दाएँ


1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

ऊपर से नीचे

1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

शब्द पहेली- 6395 का हल

आ	द	त	न	■	ल	■	वा	य	लि	न
■	ल	■	रा	■	प	व	न	■	ख	फा
ए	■	■	ध	व	ल	■	र	■	■	स
ह	र	द	म	■	पा	ल	■	फ	क	त
सा	■	म	■	दा	ना	■	सा	■	मा	■
न	वी	न	त	म	■	अ	ज	वा	ई	न
■	र	■	वा	■	स	दा	■	रि	■	वी
प	ता	का	■	ह	क	■	अ	स	मा	न
र	■	■	जी	■	प	र	दा	■	■	ता
वा	त	■	न	ल	का	■	व	■	द	■
ज	रु	र	त	■	ना	■	त	ल	वा	र



खबर संक्षेप

ओडिशा के डीजीपी पर यौन उत्पीड़न का केस

भुवनेश्वर। ओडिशा के पुलिस महानिदेशक-कारा सुशांत कुमार नाथ के खिलाफ एक अधीनस्थ कर्मचारी का कथित यौन उत्पीड़न करने का मामला दर्ज किया गया है और जांच पूरी होने तक उन्हें उनके पद से हटा दिया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पद के दावेदारों में से एक भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी और नाथ के मित्र को भी मामले में आरोपी बनाया गया है। जांच पूरी होने तक सरकार ने नाथ का तबादला गृह विभाग में 'विशेष कार्य अधिकारी' (ओएसडी)के पद पर किया गया है।

गोविंददेवजी मंदिर के मुख्य पुजारी का निधन

जयपुर। राजस्थान के जयपुर स्थित प्रसिद्ध गोविंददेवजी मंदिर के मुख्य पुजारी अंजन कुमार गोस्वामी का रविवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। मंदिर से जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी। वह 78 वर्ष के थे। गोस्वामी को रविवार दोपहर करीब 12 बजे दिल का दौरा पड़ा, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। सूत्रों ने बताया कि गोस्वामी ने अस्पताल में अंतिम सांस ली। गोस्वामी गौड़ीय वैष्णव संप्रदाय की परंपरा से जुड़े थे और मंदिर के पुजारी एवं ट्रस्टी थे।

केरलम ने महिला नीत विकास का मार्ग दिखाया

कोच्चि। केंद्रीय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने रविवार को कहा कि केरलम की जनता ने देश को महिला नीत विकास का मार्ग दिखाया है। केंद्रीय विधि एवं न्याय और संसदीय कार्य राज्य मंत्री मेघवाल यहां केरल उच्च न्यायालय के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उच्च न्यायालय अपनी स्थापना के 70 साल पूरे होने का जश्न मना रहा है और यह सफर 'दिलचस्प' रहा है, क्योंकि इसने महिला सशक्तीकरण और महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के सिद्धांत दिए हैं।

गुजरातः होटल में शराब पीने कपर 38 पर केस

राजकोट। गुजरात के राजकोट में कालावड़ रोड स्थित एक होटल में जन्मदिन की पार्टी के दौरान शराब पीने के संदेह में 38 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (जोन-2) राकेश देसाई ने बताया कि स्थानीय अपराध शाखा (एलसीबी) ने गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार रात होटल में छापा मारा था। मौके पर ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गई। पार्टी में 30 महिलाएं मौजूद थीं।

लद्दाख में केसर की खेती का प्रयोग सफलः एलजी

लेह/जम्मू। लद्दाख में केसर की प्रायोगिक खेती के शुरुआती नतीजे उत्साहजनक रहे हैं। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने रविवार को कहा कि लेह में हाल में बहाल की गई बंजर भूमि पर फूल खिलने के पहले चार दिनों में करीब 22 ग्राम शुद्ध केसर एकत्र किया गया है। उपराज्यपाल ने कहा कि फूल रिकॉर्ड 30 दिनों में ही खिल गए, जबकि आमतौर पर इसमें करीब दो महीने लगते हैं।

खराब मौसम के कारण दिल्ली काठमांडू फ्लाइट लखनऊ में उतरी

करीब दो घंटे रुका था विमान, यात्री रहे परेशान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



काठमांडू में खराब मौसम के कारण दिल्ली से जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट को लखनऊ डायवर्ट करना पड़ा। विमान रविवार देर रात चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतारा गया।

मौसम में सुधार के बाद विमान सुबह 3:31 बजे वापस दिल्ली के लिए रवाना हो गया। एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-223 (एयरबस ए320) ने रविवार, 1 नवंबर की रात 1:19 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर लैंडिंग की। विमान का पंजीकरण नंबर वीटी-ईडीई था। काठमांडू में मौसम अनुकूल नहीं होने के कारण विमान के निर्धारित गंतव्य पर उतरने में परेशानी आ रही थी। इसे देखते हुए उड़ान को लखनऊ भेजने का निर्णय लिया गया। लखनऊ एयरपोर्ट पर करीब दो घंटे रुकने के बाद मौसम की स्थिति अनुकूल होने पर विमान सुबह 3:31 बजे दिल्ली के लिए रवाना हुआ। इससे पहले भी दिल्ली से काठमांडू जा रहा एअर इंडिया का एक विमान लखनऊ डायवर्ट हो गया। विमान संख्या एआई-223, दिल्ली से काठमांडू जा रहा था। वहां का मौसम खराब होने से विमान शनिवार रात रात 1:19 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरा।

ट्रेलर से टकराने के बाद दमकल वाहन में लगी आग, दो जिंदा जले

जयपुर(भाषा)। राजस्थान के उदयपुर जिले में रविवार को दमकल के एक वाहन के ट्रेलर से टकराने के बाद लगी आग में दो लोगों की झुलसकर मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसे में दमकल वाहन और ट्रेलर के चालक घायल हो गए। एक निजी कंपनी का दमकल वाहन गुजरात से उदयपुर की ओर जा रहा था और इसी दौरान ऋषभदेव थाना क्षेत्र में उसकी आगे चल रहे एक ट्रेलर से टक्कर हो गयी। पुलिस ने बताया कि टक्कर के बाद दमकल वाहन अनियंत्रित होकर दूसरी लेन में चला गया और वहां भी एक वाहन से टकरा गया। पुलिस के मुताबिक, हादसे के बाद दमकल वाहन की केबिन में आग लग गई, जिससे वाहन में सवार तीन लोग अंदर फंस गए। पुलिस ने बताया कि स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद वाहन के चालक को बाहर निकाल लिया लेकिन अंदर फंसे दो लोगों की झुलसकर मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस ने बताया कि हादसे में दमकल वाहन व ट्रेलर के चालक घायल हो गए और दोनों को उदयपुर के एमबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान करने और दमकल वाहन की मालिक कंपनी से संपर्क करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

दमकल वाहन गुजरात से उदयपुर जा रहा था

जालंधर में थार और स्कोडा से रेस लगा रहे थे, ट्रॉली में घुसी कार

सिंगर यो यो हनी सिंह के भतीजे समेत दो की मौत

■ फ्लाईओवर पर हादसा, दोनों दोस्त बर्थडे पार्टी में गए थे

एजेंसी ▶▶ जालंधर



जालंधर में सड़क हादसे में 2 दोस्तों की मौत हो गई। हादसा पुलिस लाइन के पास स्थित फ्लाईओवर पर हुआ। दोनों दोस्त एक बर्थडे पार्टी में गए थे। रात को बर्थडे पार्टी से लौटने के बाद युवकों ने चंडीगढ़ से आए अपने दोस्तों के साथ एपीजे कॉलेज के पास से रेस लगानी शुरू कर दी थी। इस दौरान उनकी वॉक्सवैगन कार के साथ एक थार और एक स्कोडा गाड़ी भी थी।

बाकी दोनों गाड़ियों में सवार युवक चंडीगढ़ से आए थे। वॉक्सवैगन में 3 और युवक सवार थे। रेस के दौरान उनकी कार नगर निगम की ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुस गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली के ड्राइवर के साथ दोस्तों ने बहस भी की। इसके बाद थार और स्कोडा में सवार युवक मौके से चले गए। पुलिस को तड़के 3 बजे हादसे की सूचना मिली थी। मृतकों की पहचान मशहूर पंजाबी म्यूजिक कंपनी स्पीड रिकॉर्ड के मालिक दिनेश ओलक के बेटे विदित ओलक (18) और पप्पी स्वीट्स के मालिक के बेटे आरव तलवाड़ (19) निवासी सेठ हुकुमचंद कॉलोनी (जालंधर) के रूप में हुई है। वहीं, सिंगर और रैपर यो यो हनी सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर लिखा कि मैंने अपना भतीजा खो दिया।

इंडिया गठबंधन की रैली पर केंद्रीय नड्डा ने कसा तंज-बोले


रैली मूर्खतापूर्ण और पूर्व निर्धारित नाटक

लोकतंत्र के नाम पर देश को अराजकता में धकेलने की साजिश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की रैली को मूर्खतापूर्ण एवं पूर्व निर्धारित नाटक करार देते हुए कहा कि यह रैली कांग्रेस के ताबूत में आखिरी कील साबित होगी और पार्टी के राजनीतिक पतन का कारण बनेगी। यह विरोध-प्रदर्शन लोकतंत्र को अराजकता और अव्यवस्था के हवाले करने की सोची-समझी साजिश का हिस्सा है। नड्डा ने राहुल गांधी का मकसद सिख भाइयों के जख्मों पर नमक छिड़कना है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष लोकतंत्र के नाम पर अशांति फैलाने, अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने और चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने की कोशिश कर रहा है। नड्डा ने कहा कि यह रैली "लोकतंत्र के नाम पर देश को अराजकता में धकेलने की साजिश" है। राहुल गांधी के राजनीतिक तरीके का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इसमें झूठ फैलाना, सड़क पर प्रदर्शन भड़काना, अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाना और विदेशी ताकतों के इशारे पर सरकार गिराने की कोशिश शामिल है। उन्होंने रैली के चार मकसद बताए – सिख समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाना, दिल्ली में हिंसा भड़काना, त्योहारी सीजन में व्यापारियों की कमाई प्रभावित करना और भारत की छवि खराब करना।

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए इंडिया ब्लॉक की रामलीला मैदान वाली रैली की जमकर आलोचना की



दिल्ली में किया था नरसंहारः पुरी



केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि 'दिल्ली में 2,733 लोगों की हत्या हुई थी। उस घटना को दंगा कहा जाता है, लेकिन इसके लिए सही शब्द नरसंहार है। हाईकोर्ट ने इसे मानवता के खिलाफ अपराध बताया था। कांग्रेस के लोगों को इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। उन्हें कोई तारीख चुननी ही थी, तो क्या इसके लिए एक नवंबर का दिन ही चुनना जरूरी था?

दिल्ली के रामलीला मैदान में रैली रही फ्लाप : पात्रा

दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की रैली को लेकर भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने रैली में भीड़ जुटाने के दावे पर सवाल उठाते हुए कहा कि मैदान का करीब 40 फीसदी हिस्सा खाली था। रैली में 10 लाख लोगों के पहुंचने की बात कही थी, लेकिन ऐसा नजर नहीं आया। उन्हें यह पूरा आयोजन समय की बर्बादी लगा। राहुल और उनकी टीम के 10 लाख लोगों के जुटने के दावे की हकीकत मैदान में दिखाई दे रही थी। पात्रा ने दावा किया कि मैदान में करीब 28 हजार कुर्सियां लगाई गई थीं, जिनमें से दोपहर 3:30 से 4 बजे के बीच लगभग 5 हजार से 7 हजार कुर्सियां खाली थीं।पात्रा ने सवाल उठाया कि अगर रैली में 10 लाख लोगों के आने का दावा किया गया था, तो वे लोग कहां थे? उ दावों और मैदान की वास्तविक स्थिति में अंतर साफ दिखाई दे रहा था।

मोदी को हटाएंगे लोकतंत्र बचेगा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने और विपक्ष को डराने का आरोप लगाया। खरगे ने रैली में कहा कि बिहार, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में चोरी की सरकारें हैं। भाजपा को सत्ता से बेदखल किए बिना विपक्ष चैन से नहीं बैठेगा। विपक्ष डरने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष जानता है कि ऐसी परिस्थितियों में कैसे लड़ना है। लोकतंत्र को बचाने के लिए मोदी को सत्ता से हटाना जरूरी है। मोदी जाएंगे, तभी लोकतंत्र बच सकेगा।



घुसपैठियों का नाम कटा तो रो रहे राहुल

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शिमला में कहा कि एसआईआर प्रक्रिया में घुसपैठियों का नाम जो काटा गया है इसलिए राहुल गांधी रो रहे हैं। घुसपैठियों को बचाने के लिए वो ड्रामा कर रहे हैं लेकिन देश की जनता घुसपैठियों को कभी मतदाता सूची में नहीं आने देगी और हम पूरी ताकत से चुनाव आयोग और देश की जनता के साथ खड़े हैं।

कांग्रेस ने 'संविधान चोरी' की



मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 'वोट चोरी' के विपक्ष के आरोपों को लेकर रविवार को पलटवार करते हुए कांग्रेस पर आपातकाल के दौरान 'संविधान चोरी' करने और लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने की कोशिश का आरोप लगाया।

त्योहारी सीजन में खरीदी करें, भाजपा की अफवाह को गलत करेंः प्रियंका



रामलीला मैदान में गठबंधन की 'वोट बचाओ महा-रैली' का आयोजन किया गया था, जिसमें कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा सहित विपक्ष के कई बड़े नेता शामिल हुए। रैली से पहले चेंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री और सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन के अनुरोध पर प्रियंका गांधी ने कहा कि यह दिवाली, छठ और भाई दूज का त्योहारी मौसम है। उन्होंने कहा कि दिल्ली आने वाले लोग रैलियों के साथ-साथ व्यापारियों की छोटी दुकानों से खरीदारी भी करें ताकि उन्हें कोई नुकसान न हो और भाजपा की अफवाहें गलत साबित हों। यह रैली मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण तथा 'वोट चोरी' के विरोध में बुलाई गई थी।

ज्ञानेश से लोगों का भरोसा उठ चुका : थरूर



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा है कि ऐसा लगता है कि जनता की आवाज गूंज उठी है। अब समय आ गया है कि ज्ञानेश कुमार जनता की इस आवाज को सुनें। अगर उनमें जरा भी नैतिक विवेक बचा है, तो उन्हें समझना चाहिए कि लोगों का उन पर से भरोसा उठ चुका है। उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

जमीन बची नहीं, अंगद का पैर कहां रखोगे?



रैली में सपा के प्रमुख अखिलेश यादव ने सरकार पर जमकर हमले किए। उन्होंने कहा, 'जबसे यह तय हुआ है कि रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन एकजुट होकर उन तमाम लोगों को जिन लोगों ने लोकतंत्र को कमजोर करने का काम किया है, उनके खिलाफ एकजुट हो रहे हैं। अगर मैं यह कहूं कि एक करोड़ 27 लाख वोट कटे हैं, उसका गणित हम लगा दें 403 विधानसभाओं का तो हर विधानसभा में वोट कम हुए हैं। जो लोग तय कर के आए हैं कि अंगद का पैर हैं, वे जानते हैं कि जमीन ही नहीं बची है तो पैर कहां रखोगे।

हैदराबाद में एमबीए छात्र ने चुराए कारों के टायर

हैदराबाद। तेलंगाना के हैदराबाद में पुलिस ने कारों के टायर और रिम चोरी करने के आरोप में एक एमबीए छात्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 15 पहिए बरामद किए हैं। इनमें महिंद्रा थार के 12 पहिए शामिल हैं। आरोपी इसी गाड़ी के टायर चुराता था। जांच 20 अक्टूबर को मिली एक शिकायत के बाद शुरू हुई। शिकायत में बताया गया था कि रेथीबोवली के गैलेक्सी एन्क्लेव अपार्टमेंट के बाहर खड़ी महिंद्रा थार का पिछला टायर चोरी हो गया था। पुलिस ने केस दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज की जांच की। इसमें एक युवक स्कूटर से आता दिखाई दिया। उसकी पहचान शोबान अली खान के रूप में हुई। फुटेज में वह थार के पीछे लगे स्टेपनी टायर को निकालता हुआ नजर आया। पुलिस ने शोबान को गिरफ्तार कर लिया।



■ महिंद्रा थार को बनाता था निशाना

पंजाब में नशे के आदी दो भाइयों की मौत

लुधियाना। पंजाब के तरनतारन जिले में नशे के आदी दो भाइयों की एक साथ मौत हो गई। रात सोए दोनों भाई सुबह कमरे में मृत पाए गए। परिजनों का कहना है कि इसमें एक भाई सफेद नशा करता था, जबकि दूसरा नशीली गोलियां खाता था। घटना जिले के पट्टी शहर की है। रविवार तड़के एक बेहद हृदयविदारक घटना सामने आई। एक ही घर से दो जवान बेटों की मौत के बाद इलाके में नशे को लेकर लोगों में गुस्सा है। परिजनों के अनुसार, मृतक गुरदीप सिंह (36) और सोना सिंह (28), पुत्र जगजीर सिंह लंबे समय से नशा करते थे। मृतकों की मां सुरिंदर कौर और बहन सतविंदर कौर ने रोते-बिलखते हुए बताया कि शनिवार रात दोनों भाई नशे की हालत में कमरे में सोने के लिए गए थे। रविवार तड़के जब उन्हें उठाने की कोशिश की गई तो दोनों की मौत हो चुकी थी। एक सफेद नशे (हेरोइन/चिट्टा) का सेवन करता था, जबकि दूसरा भाई नशीली गोलियों की गिरफ्त में था।

■ एक ही कमरे में मिले दोनों भाइयों के शव

लुधियाना में चाकू मारकर पत्नी की हत्या, पति पकड़ा

लुधियाना। लुधियाना के पक्खोवाल रोड स्थित विकास नगर में एक महिला की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। वह करीब 4 दिन पहले ही ऑस्ट्रेलिया से लौटी थी। उसका शव घर में जमीन पर पड़ा मिला। उसके शरीर पर कई जगह चाकू मारने के निशान मिले हैं। वारदात का पता लगते ही महिला को दीप अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान कमलदीप कौर के रूप में हुई है। उसके पति रविंदर सिंह पर हत्या करने का शक है। उसे गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन हत्या के पीछे की असली वजह अभी स्पष्ट नहीं हुई है। पुलिस घटनास्थल से साक्ष्य जुटाकर हत्या के कारणों और वारदात से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है। मामले में जांच के बाद ही पूरी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।



■ 4 दिन पहले ऑस्ट्रेलिया से लौटी थी

यह ट्रेन सप्ताह में छह दिन चलेगी, आज से नियमित

रेल मंत्री वैष्णव ने बेंगलुरु-मुंबई वंदे भारत स्लीपर को हरी झंडी दिखाई

दोनों शहरों के बीच की यात्रा 16 घंटे की होगी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को बेंगलुरु और मुंबई के बीच चलने वाली वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस की पहली यात्रा को हरी झंडी दिखाई। अधिकारियों ने बताया कि इस ट्रेन के शुरू होने से दोनों प्रमुख महानगरों के बीच रात्रिकालीन रेल संपर्क मजबूत होगा। उन्होंने बताया कि 16 डिब्बों वाली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन बेंगलुरु के सर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल (एसएमवीटी) से रवाना हुई। यह ट्रेन सोमवार सुबह 6.15 बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) पहुंचेगी। ट्रेन की नियमित सेवाएं मुंबई से बेंगलुरु की दिशा में दो नवंबर से और वापसी तीन नवंबर से शुरू होंगी। यह ट्रेन सप्ताह में छह दिन चलेगी।



बेंगलुरु-मंगलुरु वंदे भारत कुछ हफ्तों में शुरू होगी

बेंगलुरु। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को संकेत दिया कि हाई-स्पीड रेल परियोजनाओं के अगले चरण में प्रस्तावित बेंगलुरु-पुणे बुलेट ट्रेन गलियारे को शामिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, आने वाले वर्षों में 3,000 किलोमीटर के और गलियारे की घोषणा की जानी है। वैष्णव ने घोषणा की कि बेंगलुरु-मंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस अगले कुछ हफ्तों में शुरू कर दी जाएगी।

एनआईईएलआईटी रोपड़ का पहला दीक्षांत समारोह

एजेंसी ▶▶ रूपनगर (रोपड़)/चंडीगढ़



इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई), भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईईएलआईटी) मानित विश्वविद्यालय (एनडीयू) का पहला दीक्षांत समारोह आज पंजाब के रूपनगर (रोपड़) स्थित बड़ा फूल में इसके मुख्य परिसर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर 102 स्नातकों को स्नातकोत्तर डिग्रियां प्रदान की गईं। वर्ष 2024 में एनआईईएलआईटी को मानित विश्वविद्यालय का दर्जा मिलने के बाद यह पहला स्नातक बैच है। शैक्षणिक उत्कृष्टता के सम्मान में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को आठ स्वर्ण पदक और पांच रजत पदक प्रदान किए गए। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी तथा वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री और विवि के प्रो-चांसलर, माननीय जितिन प्रसाद का औपचारिक संदेश एनआईईएलआईटी रोपड़ के कार्यकारी निदेशक दीपक वासन द्वारा पढ़कर सुनाया गया। अपने संदेश में जितिन प्रसाद ने कहा कि भारत की प्रौद्योगिकी यात्रा एक नए चरण में प्रवेश कर रही है और इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, दूरसंचार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में देश की क्षमताओं का विस्तार हो रहा है।

इंडियन एकेडमी ऑफ न्यूरोलॉजी का 33वां वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन

एआई चिकित्सक का विकल्प नहीं : विशेषज्ञ

बीमारी का निदान कर खुद उपचार शुरू न करें

भाषा ▶▶ जयपुर



चिकित्सा विशेषज्ञों ने लोगों को कृत्रिम मेधा (एआई) के माध्यम से बीमारी का निदान कर खुद उपचार शुरू करने के प्रति आगाह करते हुए कहा कि अधूरी या गलत जानकारी के आधार पर एआई गलत निष्कर्ष दे सकता है।

उन्होंने कहा कि एआई चिकित्सक का विकल्प नहीं, बल्कि उनकी सहायता करने वाला माध्यम है। विशेषज्ञों ने यह बात इंडियन एकेडमी ऑफ न्यूरोलॉजी (आईएएन) के 33वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन 'आईएएनकॉन-2026' के समापन अवसर पर कही। जयपुर में पांच दिवसीय इस सम्मेलन में देश-विदेश के 3,100 से अधिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन के आयोजन अध्यक्ष डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि एआई से मिली जानकारी के आधार पर खुद बीमारी का निदान करना और उपचार शुरू करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा, ₹एआई उतनी ही सटीक जानकारी दे सकता है, जितनी सही और पूरी जानकारी उसे दी जाती है। किसी नई बीमारी या उपचार पद्धति के बारे में पर्याप्त वैज्ञानिक आंकड़े और शोध उपलब्ध नहीं होने पर एआई विश्वसनीय जानकारी देने में सक्षम नहीं हो सकता। इसलिए किसी उपचार को अपनाने से पहले उसके वैज्ञानिक प्रमाणों की पुष्टि जरूरी है।


लकवे के उपचार पर कार्यशाला आयोजित

सम्मेलन की आयोजन सचिव डॉ. भावना शर्मा ने बताया कि कार्यशालाओं में चिकित्सकों को ब्रेन स्टिमुलेशन, बोटुलिनम टॉक्सिन इंजेक्शन और न्यूरोसोनोलॉजी जैसी आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। लकवे के उपचार पर आयोजित कार्यशाला में शुरुआती चार घंटे के भीतर मरीज को उपचार उपलब्ध कराने की प्रक्रिया का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया गया। दिल्ली के जीबी पंत अस्पताल की डॉ. सुमन कुशवाहा ने डिमेंशिया की शुरुआती पहचान के लिए पांच मिनट में किए जा सकने वाले परीक्षणों की जानकारी दी। सम्मेलन में जीन थेरेपी के जरिये आनुवंशिक बीमारियों के उपचार की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई।

हैदराबाद में बुर्का पहनकर चोरी ऑनलाइन ट्रेनिंग ली, गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

■ 70 लाख रुपये का सामान बरामद, महिला पति से छिपाकर करती थी वारदात



हैदराबाद में बंद घरों को निशाना बनाकर चोरी करने के आरोप में पुलिस ने 25 साल की महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पगा जया के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, वह चोरी के 5 मामलों में शामिल थी।

पुलिस ने उसके पास से सोने-चांदी के गहने, नकदी और आईफोन 17 समेत करीब 70 लाख रुपये का सामान बरामद किया है। जया ऑनलाइन वीडियो देखकर घरों के ताले तोड़ने और चोरी करने के तरीके सीखती थी। इसके बाद वह अपने पति को बताए बिना चोरी की योजना बनाती थी। पहचान छिपाने के लिए वह बुर्का पहनकर वारदात को अंजाम देती थी। पुलिस के मुताबिक, जया चोरी के पैसों से आलीशान जिंदगी जीना चाहती थी। एक बंद घर में घुसने की कोशिश के दौरान वह सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई थी। पुलिस के मुताबिक, उप्पल पुलिस और सेंट्रल क्राइम स्टेशन (सीसीएस) की टीम ने सूचना के आधार पर 31 अक्टूबर को सुबह करीब 8 बजे उप्पल एक्स रोड्स के पास एलबी नगर रूट बस स्टॉप से जया को गिरफ्तार किया।

चिंतन

एक बार फिर सड़क की राजनीति पर उतरे दल

देश में एक बार फिर सत्ता पक्ष और विपक्षी दल सड़क पर सियासी जंग लड़ने उतर आए हैं। रविवार का दिन राजनीतिक सरगर्मी से भरा रहा। कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन ने दिल्ली के रामलीला मैदान में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' रैली कर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर हमला बोला। वहीं, भाजपा ने इसके जवाब में देशभर में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' मार्च निकाले। दिल्ली में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने मोर्चा संभाला तो हरियाणा के रोहतक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पदयात्रा का नेतृत्व किया। भाजपा ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि उसने 1984 के सिख विरोधी दंगों की बरसी के दिन रामलीला मैदान में रैली आयोजित कर पीड़ित परिवारों की भावनाओं की अनदेखी की है। भाजपा के मार्च में दंगा पीड़ित परिवारों और सिख समुदाय के लोगों की भागीदारी भी इसी मुद्दे को रेखांकित करने के लिए थी। वहीं, नितिन नवीन ने रोहतक में कांग्रेस पर वोट चोरी को अपनी विरासत बनाने का आरोप लगाया और राहुल गांधी को विदेशी ताकतों की टूलकिट बनकर काम करने वाला बताया। जेपी नड्डा ने भी कांग्रेस पर सिख विरोधी हिंसा के पीड़ितों को भुलाकर राजनीति करने का आरोप लगाया। दूसरी ओर राहुल गांधी ने चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें पद से हटाने और जेल भेजने की चेतावनी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर भी उन्होंने तीखी टिप्पणी की। इस तरह पूरे दिन दोनों खेमों के बीच राजनीतिक तल्खी और आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता रहा। विपक्ष का काम केवल सरकार का विरोध करना नहीं, बल्कि जनता के सवालों को मजबूती से उठाना और सरकार को जवाबदेह बनाना भी है। अब सवाल यह है कि क्या जिम्मेदारी केवल हंगामे, नारेबाजी और सड़क पर शक्ति प्रदर्शन से ही पूरी हो सकती है। कोई सीजेपी जैसी नई पार्टी ऐसा करे तो समझ आता है, लेकिन देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस से अधिक परिपक्व राजनीतिक आचरण की अपेक्षा स्वाभाविक है। 18वीं लोकसभा में इंडिया गठबंधन के करीब 240 सांसद हैं। इतनी बड़ी संसदीय ताकत का उपयोग सदन में महंगाई, बेरोजगारी, किसानों, शिक्षा और चुनावी पारदर्शिता जैसे गंभीर मुद्दों पर सार्थक बहस के लिए होना चाहिए। संसद के बाहर प्रतीकात्मक कार्यवाही करने के बजाय विपक्ष को तथ्यों और प्रमाणों के साथ सदन में सरकार को घेरना चाहिए। लोकतंत्र का मजाक नहीं, जवाबदेही तय करना विपक्ष की असली जिम्मेदारी है। वहीं, सत्ता पक्ष भी अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकता। संसद में विपक्ष को पर्याप्त अवसर देना, उसके सवालों का तथ्यात्मक जवाब देना और महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार रहना सरकार का दायित्व है। संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता बनाए रखना सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के हित में है। विपक्ष को भी संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों के खिलाफ धमकी भरी भाषा के बजाय निर्धारित कानूनी प्रक्रिया का सम्मान करना चाहिए। यह समझना होगा कि संसद देश की जनता की आकांक्षाओं, अपेक्षाओं और समस्याओं पर चर्चा का सर्वोच्च लोकतांत्रिक मंच है। सदन में कामकाज बाधित करने से जितना नुकसान विपक्ष की भूमिका को होता है, उतनी ही जवाबदेही सरकार की भी बनती है, यदि वह चर्चा और संवाद के रास्ते बंद करती है। दोनों पक्षों को अपनी राजनीतिक सुविधा से ऊपर उठकर संसदीय परंपराओं का सम्मान करना होगा।



मुद्दा
प्रमोद भार्गव

दवा कंपनियों पर लगाम की तैयारी

दवा उत्पादक फार्मेसियों की अनैतिक मार्केटिंग पर सर्वोच्च न्यायालय कड़ी निगरानी रखने के उपाय को उत्सुक नजर आ रहा है। न्यायालय द्वारा दिए एक आदेश के बाद केंद्र सरकार ने फार्मा कंपनियों की कारोबारी गतिविधियों और तौर-तरीकों की समीक्षा और निगरानी के लिए नीति आयोग के सदस्य डॉ. एम श्रीनिवास की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित कर दी है। यह समिति कंपनियों द्वारा दवा के अनैतिक कारोबार को बढ़ावा देने वाले उपायों की असरकारी समीक्षा करेगी। साथ ही निगरानी तंत्र को पुख्ता बनाने के लिए सिफारिशें भी करेगी। इन उपायों में चिकित्सकों को दिए जाने वाले प्रलोभनों की भी समीक्षा होगी। अदालत में इसी परिप्रेक्ष्य में 'फेडरेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन ऑफ इंडिया' की एक याचिका भी लंबित है। इसमें अनुरोध किया है कि प्रभावी कानून बनने तक फार्मा कंपनियों की अनैतिक मार्केटिंग पर नियंत्रण और नियमन के लिए दिशा-निर्देश तय कर दिए जाएं? क्योंकि मौजूदा व्यवस्था में बड़ी असामानता है।

इसके तहत ऐसे प्रलोभन स्वीकार करने वाले चिकित्सकों के लिए कार्यवाही का प्रावधान तो है, लेकिन उन्हें प्रलोभन देने वाली दवा कंपनियों को नियंत्रित या दंडित करने के लिए समान वैधानिक व्यवस्था नहीं है। अतएव कंपनियां अपने उत्पादों के प्रचार के लिए चिकित्सकों को महंगे उपहार और सेमिनार के बहाने देश-विदेश की पंचतारा हवाई यात्राएं अपने खर्चे पर कराती हैं। अततः इसका असर रोगी पर पड़ता है और वे महंगी दवाएं खरीदने के लिए लाचार बने रहते हैं। इस समिति की रिपोर्ट दो माह के भीतर आनी है। कुछ समय पहले कंपनी मामलों के मंत्रालय की एक सर्वे रिपोर्ट ने सरकार को आगाह किया था कि दवाएं आम आदमी की पहुंच से जानबूझकर बाहर की जा रही हैं। इस रिपोर्ट ने तय किया कि दवाओं की महंगाई का कारण दवा में लगने वाली सामग्री का महंगा होना नहीं है, बल्कि दवा कंपनियों का मुनाफे की हवस में बदल जाना है। इस लालच के चलते कंपनियां राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) के नियमों का भी पालन नहीं करती हैं। इसके मुताबिक दवाओं की कीमत लागत से मात्र सौ गुनी ज्यादा रख सकते हैं। लेकिन दवाओं की कीमत 1023 फीसदी तक ज्यादा वसूली जा रही है। ग्लैक्सोस्मिथलाईन, फाइजर, रैनबैक्सी, डॉ रेड्डी लैब्स और एलेमबिक जैसी नामी-गिरामी दवा कंपनियां भी दो सौ से पांच सौ गुना ज्यादा कीमत अपने दवा उत्पादों की रख रही हैं। दवा कंपनियों से जुड़ी एक विडंबना यह भी देखने में आती है कि दवा कंपनियों ने सरकार द्वारा दी उत्पाद शुल्क में छूट का लाभ तो पूरा लिया, लेकिन दवाओं की कीमतों में कटौती नहीं की। इस तरह से सरकार और ग्राहकों को करोड़ों रुपए का चूना लगाया जा रहा है। इंसान की जीवन-रक्षा से जुड़ा दवा करोबार देश में तेजी से मुनाफे की अमानवीय व अनैतिक हवस में बदलता जा रहा है। चिकित्सकों को महंगे उपहार देकर रोगियों के लिए महंगी और गैर जरूरी दवाएं लिखवाने का प्रचलन लाभ का धंधा हो गया है। बेमतलब की अनेक जांचें भी केवल मुनाफे के लिए कराई जा रही हैं। ज्यादातर डॉक्टर पर्चे में वहीं दवा लिखते हैं, जो उन्हें



दवा कंपनियों के एमआर समझाते हैं और कमीशन के साथ उपहार देते हैं। जबकि चिकित्सा का पेशा जीवन रक्षा का धंधा है। वह मनुष्यता की संवेदना और मर्म की सुरक्षा का नैतिक व्यवसाय है। एक लाचार मरीज चिकित्सक के पास स्वास्थ्य लाभ लेने की उम्मीद से जाता है, न कि दवा उद्योग के लालच को बढ़ावा देने की दृष्टि से? किंतु पैसा कमाने की अनैतिक होड़ का ही परिणाम है कि रोगी अब चिकित्सक को धरती का भगवान मानने से मुकर रहा है। इसी संदर्भ में इस याचिका से जुड़े न्यायामूर्ति संदीप मेहता को कहना पड़ा था कि मामला एक माह पहले का ही है।

एक दवा डीलर की पत्नी का इलाज हो रहा था। कीमो में काम आने वाला इंजेक्शन 11 हजार रुपये का था। लेकिन निजी अस्पताल में 1.30 लाख रुपये में दिया जा रहा था। दवा डीलर ने अस्पताल से निवेदन किया कि इंजेक्शन बाहर से लाने दें, लेकिन मना कर दिया। इसी याचिका की सुनवाई के दौरान अदालत ने कैंसर की 2700 रुपये की एक दवा को 27 हजार में बेचे जाने पर 'डकैती' की संज्ञा दी थी। ऐसी डकैती की कीमत आम मरीज चुका रहे हैं। फार्मा कंपनियां किसी बाध्यकारी कानून को अमल में लाने में भी रोड़ा अटकाने का काम करती हैं। क्योंकि ये अपना कारोबार विज्ञापनों व चिकित्सकों को मुनाफा देकर ही फैलाये हुए हैं। चूंकि दवा का निर्माण एक विशेष तकनीक के तहत किया जाता है और रोग व दवा विशेषज्ञ चिकित्सक ही पर्चे पर एक निश्चित दवा लेने को कहते हैं।

दरअसल इस तथ्य की पृष्ठभूमि में यह मकसद अंतर्निहित है कि रोगी और उसके अभिभावक दवाओं में विलय रसायनों के असर व अनुपात से अनभिज्ञ होते हैं, इसलिए वे दवा अपनी मर्जी से नहीं ले सकते। इस कारण चिकित्सक की लिखी दवा लेना जरूरी होती है। लिहाजा चिकित्सक मरीज की इस लाचारी का लाभ पूरे देश में धड़ल्ले से उठा रहे हैं। एंटीबायोटिक दवाओं ने जहां अनेक संक्रामक रोगों से मानव जाति को बचाया, वहीं दुष्परिणाम स्वरूप शरीर की प्रतिरोधात्मक शक्ति को कमजोर भी किया। जिस तरह मानव शरीर विभिन्न प्राकृतिक तापमान, वायुमंडल व भौगोलिक परिस्थिति और पर्यावरण के अनुकूल अपने को ढाल लेता है,उसी तरह हमारे धरती पर अस्तित्व के समय से ही सूक्ष्मजीव और उनके विरुद्ध शरीर की प्राकृतिक प्रतिरोधात्मक शक्ति का भी परिवर्तित विकास होता रहा है। कुदरत का कमाल देखिए, एंटीबायोटिक दवाओं ने दोनों के बीच के संतुलन को गड़बड़ा दिया, लिहाजा एंटीबायोटिक दवाएं जब-जब सूक्ष्मजीवों पर मारक साबित हुई, तब-तब जीवाणु और वीषाणुओं ने अपने को ओर ज्यादा शक्तिशाली बना लिया। गोया, महाजीवाणु कभी नष्ट नहीं होने वाले रक्तबीजों की श्रेणी में आ गए हैं। इसलिए आज वैज्ञानिकों को कहना पड़ रहा है कि एंटीबायोटिक दवाओं की मात्रा पर अंकुश लगना चाहिए।

दवा कंपनियों की मुनाफे की हवस और चिकित्सकों का बढ़ता लालच, इसमें बाधा बने हुए हैं। चिकित्सक सर्दी-जुकाम और पेट के साधारण रोगों तक के लिए बड़ी मात्रा में एंटीबायोटिक दवाएं दे देते हैं। ऐलोपैथी चिकित्सा पद्धति के मुनाफाखोरों ने प्रायोजित शोधों के मार्फत आयुर्वेद, यूनानी, प्राकृतिक चिकित्सा और होम्योपैथी को अवैज्ञानिक कहकर हाशिए पर डालने का काम भी शड्यंत्रपूर्वक किया है। बावजूद सूक्ष्मजीव कायांतरण के नए-नए रूपों में सामने आना शुरू हो गए हैं, तब से एंटीबायोटिक दवाओं की सीमा रेखांकित जरूर की जाने लगी है, किंतु मुनाफे की हवस इस मर्यादा को लांघ जाने का उपक्रम करती ही रहती है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

दवा उत्पादक फार्मेसियों की अनैतिक मार्केटिंग पर सर्वोच्च न्यायालय कड़ी निगरानी रखने के उपाय को उत्सुक नजर आ रहा है। न्यायालय द्वारा दिए एक आदेश के बाद केंद्र सरकार ने फार्मा कंपनियों की कारोबारी गतिविधियों और तौर-तरीकों की समीक्षा और निगरानी के लिए नीति आयोग के सदस्य डॉ. एम श्रीनिवास की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित कर दी है। यह समिति कंपनियों द्वारा दवा के अनैतिक कारोबार को बढ़ावा देने वाले उपायों की असरकारी समीक्षा करेगी। साथ ही निगरानी तंत्र को पुख्ता बनाने के लिए सिफारिशें भी करेगी। इन उपायों में चिकित्सकों को दिए जाने वाले प्रलोभनों की भी समीक्षा होगी। अदालत में इसी परिप्रेक्ष्य में एक याचिका भी लंबित है।

रिपोर्ट
डॉ. मोनिका शर्मा



देश के छोटे शहरों में बढ़ रही खुशहाली

ब्लूमबर्ग इंटेलिजेंस की ताजा रिपोर्ट के अनुसार हमारे देश में शहरों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में बसे लोगों की निजी संपत्ति तेजी से बढ़ रही है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत के टियर-2, टियर-3 शहरों और ग्रामीण इलाकों में निजी संपत्ति संग संपन्न लोगों का आंकड़ा भी तेजी से बढ़ रहा है। एक समय छोटे-बड़े शहरों, महानगरों और ग्रामीण इलाकों की जीवनशैली में काफी अंतर हुआ करता था। सुविधाओं की उपलब्धता और आर्थिक स्थिति के मामले में बड़े शहर हमेशा से आगे रहे हैं। ऐसे में आर्थिक बेहतरी से जुड़े मोर्चे पर आ रहा यह बदलाव रेखांकित करने योग्य है। आर्थिक समृद्धि का मेट्रो शहरों से निकलकर देश के छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों तक विस्तार पाना बहुत से पक्षों पर सकारात्मक परिवर्तन की बानगी है। पीपल रिसर्च ऑन इंडियाज कंज्यूमर इकोनॉमी के आंकड़े बताते हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में व्यक्तिगत संपत्ति की बढ़ोतरी की दर 11 प्रतिशत और बड़े शहरों में 8 प्रतिशत है। ध्यातव्य है कि आबादी के आंकड़े में भारत आज दुनिया में पहले स्थान पर है। 1.43 से 1.46 अरब की जनसंख्या बड़े शहरों से लेकर गांवों-कस्बों तक निवास करती है। हमारे यहां अलग-अलग क्षेत्रों के अनुसार सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता ही नहीं आर्थिक मोर्चे पर भी विषमता भी रही है। यही वजह है कि संपन्नता का यह विस्तार गांव-शहर के फर्क को पाटने वाला है। समाज में आर्थिक समानता को बल देने वाला है। आमजन को बेहतर जीवनशैली की ओर प्रवृत्त करने वाला है। यह रिपोर्ट भी बताती है कि वर्ष 2025 में ग्रामीण केंद्रित कंपनियों ने 30 प्रतिशत बेहतर प्रदर्शन किया है। छोटे शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों ने न केवल दोपहिया वाहन और ट्रैक्टरों की बिक्री के मामले में शहरों को पीछे छोड़ दिया बल्कि रोजाना उपयोग के सामान और प्रीमियम गाड़ियों की मांग भी मजबूत बनी हुई है। असल में कृषि में आधुनिकीकरण और बेहतर मूल्य मिलने के साथ ही गैर-कृषि आय में भी वृद्धि हुई है। उपभोग के पैटर्न में आए परिवर्तन से दूर-दराज के इलाकों में भी ब्रांडेड और प्रीमियम उत्पादों की मांग में तेजी से इजाफा हुआ है। यह स्थिति ग्रामीण उपभोक्ताओं की आय और खर्च करने की क्षमता में आए अहम बदलाव को सामने रखती है। इन क्षेत्रों में तेज़ी से बढ़ती क्रय शक्ति देश की अर्थव्यवस्था के लिए भी बहुत से महत्वपूर्ण और सकारात्मक पहलू लिए है। स्पष्ट है कि आर्थिक सम्पन्नता की बढ़ती परिधि दूर-दराज के इलाकों में विकास को गति देने वाला रुझान है। डेटा एनालिटिक्स फर्म प्रॉपइक्विटी की रिपोर्ट के अनुसार 2023-24 में टियर 2 शहरों में हाउसिंग बिक्री 11 प्रतिशत बढ़ी है। यह आंकड़ा आर्थिक विकास और बुनियादी ढांचे की बेहतरी से भी जुड़ा है। बीते कुछ बरसों में ग्रामीण विकास पर खर्च में बड़ी बढ़ोतरी हुई है। गांवों में बहुत सी रोजगार और आजीविका योजनाओं और छोटे शहरों में स्मार्ट सिटी योजना, बेहतर यातायात सुविधा और डिजिटल कनेक्टिविटी इस बदलाव एक पीछे हैं। इससे लोगों की क्रय शक्ति बढ़ी है। वर्ल्ड बैंक की एक नई रिपोर्ट में भी साल 2011 से 2023 के बीच भारत में करीब 49.6 करोड़ लोगों के गरीबी से बाहर आने की बात कही गई है। एक दशक के ज्यादा की इस समयावधि में गरीब जनसंख्या के अनुपात में तेजी से गिरावट आई है। समझना आवश्यक है कि विश्व बैंक की इस रिपोर्ट में भी खपत में बढ़ोतरी, रोजगार के नए अवसर और सरकारी योजनाओं के माध्यम से मिलने वाली सहायता को इस बदलाव का अहम कारण बताया गया है। विश्व बैंक की रिपोर्ट में विशेष रूप से महिलाओं में रोजगार की बढ़ोतरी से परिवर्तन आने की बात भी शामिल है। 2017 से 2023 के बीच, रोजगार में लगभग 13.4 करोड़ लोगों की वृद्धि दर्ज की गई है। यह आंकड़ा कामकाजी उम्र की आबादी में हुई वृद्धि का लगभग दोगुना है। असल में इस बढ़ोतरी का एक बड़ा हिस्सा ग्रामीण महिलाओं को मिले वेतन वाले रोजगार से आया है, जिसके चलते प्रति परिवार में कमाने वालों का आंकड़ा भी बढ़ा है। समझना कठिन नहीं कि भारतीय महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ना सीधे-सीधे बचत में बढ़ोतरी होने और बेहतर जीवनशैली को बल देने से जुड़ा कारक है। रोजगार में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से परिवारों की कमाई को मिला सहारा बाज़ारों में खरीद भी बढ़ाता है। नतीजतन, गांवों-कस्बों और छोटे शहरों में बढ़ती क्रयशक्ति से आर्थिक समृद्धि भी बढ़ती दिख रही है। ऐसे में छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों में ग्राहकों की संख्या में हुआ इजाफा व्यावसायिक गतिविधियों को भी विस्तार देगा। लोगों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। देश में आर्थिक समृद्धि का बदलता मानचित्र व्यावहारिक धरातल पर जीवन से जुड़े हालातों के बदलने की बानगी भी है।

(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

क्षमा करें और भूल जाएं



संकलित
दर्शन

जीवन में हमें कई बार चुनौतियों और निराशाओं का सामना करना पड़ता है। जीवन में हमारा किसी न किसी ऐसी घटना से साक्षात्कार होता है, जो हमें पसंद नहीं होती या जिसके कारण हमें दुख होता है। जैसे किसी व्यक्ति ने हमारा किसी तरह अनुचित किया हो, शब्दों से हमें भावनात्मक रूप से दुख पहुंचाया हो या शारीरिक कष्ट पहुंचाया हो। परिणाम यह होता है कि हम निराश, दुखी और क्रोधित हो जाते हैं। जब तक हम किसी को क्षमा नहीं करते, तब तक हमारे साथ क्या होता है? हम हमेशा उसी घटना के बारे में सोचते रहते हैं या किसी और से भी उन बातों को दोहराते रहते हैं। कुछ लोग जिनका स्वयं पर नियंत्रण नहीं होता, वे शारीरिक रूप से उस व्यक्ति को हानि पहुंचाते हैं या अपना क्रोध किसी और पर निकालते हैं। ऐसा होने पर हम अपने चारों ओर नकारात्मक वातावरण पैदा कर लेते हैं। अपने मन की शांति खो देते हैं। कुछ क्षणों में घटित हुई घटना के लिए हम अपने जीवन के तमाम घंटे इस बात में लगा देते हैं कि उसका बदला कैसे लें। यदि हम इसके बजाय क्षमा कर दें तो हम इस समय का शांतिपूर्वक सदुपयोग कर सकते हैं। हम अपना ध्यान उस ओर लगाएं, जो आध्यात्मिक रूप से मददगार हो। जैसे कि पिता-परमेश्वर को याद करना, ध्यान-अभ्यास करना, निष्काम सेवा करना और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करना। आध्यात्मिक मार्ग पर ध्यान-अभ्यास में सफलता अपने मन को स्थिर करके अंतर में ध्यान टिकाने पर निर्भर है।

गणेश विनायक जी की कथा



संकलित
प्रेरणा

एक गांव में मां-बेटी रहती थीं। एक दिन वह अपनी माँ से कहने लगी कि गांव के सब लोग गणेश मेला देखने जा रहे हैं, मैं भी मेला देखने जाऊंगी। मां ने जाने से पहले बेटी को दो लड्डू दिए और एक घंटी में पानी दिया। मां ने कहा कि एक लड्डू तो गणेश जी को खिला देना और थोड़ा पानी पिला देना। दूसरा लड्डू तुम खा लेना और बचा पानी भी पी लेना। लड़की मेले में चली गई। मेला खत्म होने पर सभी गांववाले वापिस आ गए लेकिन लड़की वापिस नहीं आई। लड़की मेले में गणेश जी के पास बैठ गई और कहने लगी कि एक लड्डू और पानी गणेश जी तुम्हारे लिए और एक लड्डू और बाकी बचा पानी मेरे लिए। इस तरह कहते-कहते सारी रात बीत गई। गणेश जी यह देखकर सोचने लगे कि अगर मैने यह एक लड्डू और पानी नहीं पीया तो यह अपने घर नहीं जाएगी। यह सोचकर गणेश जी एक लड़के के वेश में आए और उससे एक लड्डू लेकर खा लिया और साथ ही थोड़ा पानी भी पी लिया फिर वह कहने लगे कि माँगो तुम क्या मांगती हो? लड़की मन में सोचने लगी कि क्या मांगू? अन्न मांगू या धन मांगू या अपने लिए अच्छा वर मांगू या खेत मांगू या महल मांगू! वह मन में सोच रही थी तो गणेश जी उसके मन की बात को जान गए। वह लड़की से बोले कि तुम अपने घर जाओ और तुमने जो भी मन में सोचा है वह सब तुम्हें मिलेगा। लड़की घर पहुँची तो माँ ने पूछा कि इतनी देर कैसे हो गई? बेटी ने कहा कि आपने जैसा कहा था मैंने वैसा ही किया है और देखते ही देखते जो भी लड़की ने सोचा था वह सब कुछ हो गया।

अंतर्मन



आज की पाती

एकता के मंत्र पर अमल करना भी जरूरी

भारत में बहुत से महापुरुष हुए। इन महापुरुषों ने भारत को ही नहीं, बल्कि दुनिया को अच्छे मार्ग पर ले जाने के लिए बहुत से काम किए और दुनिया के लिए प्रेरक बने। इन्हीं महापुरुषों में से एक थे सरदार वल्लभभाई पटेल, जिनका जन्मदिन एकता की भावना को बढ़ाने के रूप में भी मनाया जाता है, जोकि 31 अक्टूबर को होता है। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश को आजाद करवाने के साथ-साथ देश की एकता को मजबूत करने में मुख्य भूमिका निभाई थी। इन्होंने किसानों को उनका हक अंग्रेजों से दिलाने के लिए काम किए थे। सरदार वल्लभ भाई पटेल को आज भी जिस मुख्य कार्य के लिए याद किया जाता है वो है देसी रियासतों का एकीकरण। आज भारत को उनके विचारों को कार्यरूप देने की जरूरत है। - *डिंपल चौधरी, सोनीपत*

ट्रेंड

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन



बेहतर रेल कनेक्टिविटी की दिशा में एक और कदम, और वह भी तकनीक और नवाचार के शहर बेंगलुरु से! वंदे भारत स्लीपर ट्रेन, बेंगलुरु और मुंबई के बीच कनेक्टिविटी के लिए एक गेम चेंजर साबित होगी। - **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

सिख नरसंहार



1 नवंबर को दिल्ली की धरती 1984 के सिख नरसंहार के निर्दोष पीड़ितों को याद करती है, जबकि उसी दिन राहुल गांधी की कांग्रेस 'लोकतंत्र बचाने' का ढोंग रच रही है। शर्मनाक! कांग्रेस के माथे पर 1984 का कलंक लगा है। इसे राहुल गांधी के 'लोकतंत्र बचाने' के नारों से नहीं धोया जा सकता। - **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

लोकतंत्र का मज़ाक



विपक्ष के नेता राहुल गांधी की राजनीति अब केवल झूठे नैरेटिव गढ़ने, संवैधानिक संस्थाओं पर हमले करने तक सिमट कर रह गई है। संसद में ज्ञानक दावे करने वाले कांग्रेस के 'युवराज' ने आज अपनी 'नकली संसद' में भी लोकतंत्र का मज़ाक उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। - **धर्मेंद्र प्रधान,** सांसद, भाजपा

संजय का बेवक्त जाना



बहुत जल्दी चले गए संजय गुप्ता। उनके भीतर अभी बहुत सारा सिनेमा बाकी था, उनके सामने अभी कई साल और कई कहानियाँ थीं। सच में दिल तोड़ने वाला है... उनके परिवार को हिम्मत और शांति मिले। - **अजय देवगण,** फिल्म अभिनेता

करंट अफेयर

बाइनेंस से चोरी के लिए उत्तर कोरिया जिम्मेदार: एफबीआई



अमेरिकी जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) ने कहा है कि दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी चोरी की घटना को उत्तर कोरिया के हैकर्स ने अंजाम दिया जिसमें कुछ ही मिनट के भीतर बाइनेंस से अरबों डॉलर की डिजिटल मुद्रा चोरी कर ली गई। एफबीआई ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि इस सप्ताह हुआ साइबर हमला 'ट्रेडरट्रेटर' नामक समूह की दुर्भावनापूर्ण साइबर गतिविधियों से जुड़ा है। उसने कहा कि इसी समूह ने पिछले साल बायबिट पर 1.5 अरब अमेरिकी डॉलर की साइबर चोरी को भी अंजाम दिया था। एफबीआई ने क्रिप्टो एक्सचेंज, ब्लॉकचेन विश्लेषण कंपनियों और अन्य संबंधित पक्षों से विभिन्न डिजिटल वॉलेट पतों से जुड़े लेनदेन रोकने का आग्रह किया है, ताकि चोरी की गई रकम को उसके स्रोत को छिपाने के लिए अवैध रूप से इधर-उधर न किया जा सके। एजेंसी ने कहा कि उसकी जांच में पता चला है कि ट्रेडरट्रेटर चोरी की गई डिजिटल संपत्तियों को मुख्य रूप से इथेरियम नामक क्रिप्टोकरेंसी में बदल रहा है। एफबीआई को आशंका है कि हैकर अब विकेंद्रीकृत वित्त (डीफाई) मंचों और 'इंस्टेंट स्वैप सर्विसेज' के जरिये इन संपत्तियों को दूसरी क्रिप्टोकरेंसी में बदलने का प्रयास करेंगे।

ऑफ बीट

रात में अच्छी नींद कैसी होनी चाहिए



बहुत से लोग सोचते हैं कि जब वे तकिये पर सिर रखेंगे तो उन्हें गहरी और आरामदेह नींद आनी चाहिए और लगभग आठ घंटे के बाद तरोताजा महसूस करते हुए उठना चाहिए। वास्तव में, पूरी रात स्वस्थ नींद चक्रीय होती है क्योंकि आप नींद के विभिन्न चरणों से गुजरते हैं और अक्सर कई बार जागते हैं। कुछ लोगों को इनमें से एक या अधिक बार जागना याद रहता है लेकिन कई लोगों को यह भी याद नहीं रहता कि वे रात में कितनी बार नींद से जागे। एक वयस्क के रूप में, हमारी नींद अलग-अलग चक्रों से गुजरती है और रात के दौरान थोड़ी-थोड़ी देर के लिए नींद टूटती है। प्रत्येक नींद का चक्र लगभग 90 मिनट का होता है। गहरी नींद में जाने से पहले और सपनों की दुनिया (रैपिड आई मूवमेंट-आरईएम) में खोने से पहले हम रात में हल्की नींद से शुरुआत करते हैं। यदि हम अच्छी नींद लेते हैं, तो हम अपनी अधिकांश गहरी नींद रात के पहले भाग में पूरी कर लेते है और रात के दूसरे भाग में हमें सपने आने लगते हैं। वयस्क आमतौर पर रात में पांच या छह नींद के चक्रों से गुजरते हैं और प्रत्येक चरण के अंत में थोड़ी देर के लिए जागना पूरी तरह सामान्य है। इसका मतलब है कि हम रात में पांच बार जाग सकते हैं। यह बढ़ती उम्र के साथ बढ़ सकता है और हम फिर भी स्वस्थ रह सकते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

वियना ओपन : नंबर एक का ताज पहनने से पहले हारे ज्वेरेव



एजेंसी ▶▶ वियना

अलेक्जेंडर ज्वेरेव को पहली बार विश्व का नंबर एक पुरुष टेनिस खिलाड़ी का ताज पहनने से पहले हार का सामना करना पड़ा। ज़्वेरेव एर्स्टे बैंक ओपन के सेमीफाइनल में एलेक्स डी मिनौर से हारने के के कारण अपनी इस उपलब्धि को यादगार नहीं बना पाएंगे।

डी मिनौर ने निर्णायक टाईब्रेक में शुरुआती 3-0 की बढ़त बनाने के बाद 6-4, 1-6, 7-6 (4) से जीत हासिल की। इससे उनकी सत्र के आखिरी टूर्नामेंट एटीपी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की संभावना बढ़ गई हैं। ज़्वेरेव सोमवार को यानिक सिनर की जगह नंबर एक खिलाड़ी बन जाएंगे। यह जर्मन खिलाड़ी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले 30वें खिलाड़ी होंगे। फाइनल में डी मिनौर का सामना कार्लोस अल्काराज से होगा। अल्काराज ने दूसरे सेमीफाइनल में दानिल मेदवेदेव को 6-4, 7-6 (2) से हराया।

टीम इंडिया ने 3-2 से जीती सीरीज

न्यूजीलैंड ने 7 विकेट से जीता आखिरी टी-20

एजेंसी ▶▶ हैमिल्टन



भारत को टिम सीफर्ट को शुरू में ही जीवनदान देना महंगा पड़ा क्योंकि इस सलामी बल्लेबाज ने इसका पूरा फायदा उठाकर 50 गेंद पर 93 रन की तूफानी पारी खेली, जिससे न्यूजीलैंड ने रविवार को खेले गए पांचवें और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में दो ओवर शेष रहते हुए 7 विकेट से जीत दर्ज की। भारत पहले तीन मैच जीतकर पांच मैच की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल कर चुका था। इस तरह से उसने श्रृंखला 3-2 से अपने नाम की। सीफर्ट जब 13 रन पर खेल रहे थे तब नमन धीर ने उनका आसान कैच टपका दिया। उन्होंने इसके बाद 11 चौकों और 5 छक्कों से सजी अपनी पारी से भारतीय गेंदबाजों को पस्त किया। ग्लेन फिलिप्स ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 38 गेंद पर नाबाद 65 रन बनाए, जिससे न्यूजीलैंड ने 18 ओवर में 3 विकेट पर 195 रन बनाकर 4 नवंबर से शुरू होने वाली वनडे श्रृंखला से पहले मनोबल बढ़ाने वाली जीत दर्ज की।

श्रेयस और ईशान ने लगाए अर्धशतक

भारत ने श्रृंखला में पहली बार टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान श्रेयस अय्यर (23 गेंद पर 50, 3 चौके, 4 छक्के) और ईशान किशन (32 गेंद पर 61, 5 चौके, 5 छक्के) के बीच 107 रन की साझेदारी की मदद से 8 विकेट पर 191 रन बनाए। भारत को अपेक्षाकृत कम स्कोर पर रोकने में एडम मिल्ने ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 4 ओवर में 19 रन देकर 4 विकेट लिए। नाथन स्मिथ और ब्लेयर टिकनर ने दो-दो विकेट लेकर उनका अच्छा साथ दिया। अर्शदीप सिंह ने फिन एलन को जल्द ही चलता कर दिया। उन्हें अपने अगले ओवर में सीफर्ट का विकेट भी मिल जाता लेकिन नमन ने उन्हें जीवनदान दिया।

न्यूजीलैंड ने पावर प्ले में बनाए 59 रन

न्यूजीलैंड ने इस तरह से पावर प्ले में विकेट पर 59 रन बनाए। श्रृंखला में अपना पहला मैच खेल रहे स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने मिचेल को आउट करके सीफर्ट के साथ उनकी 73 रन की साझेदारी तोड़ी। सीफर्ट ने नीतीश कुमार रेड्डी पर छक्का लगाकर 34 गेंद पर अर्धशतक पूरा किया। नीतीश ने सीफर्ट को बोल्ड करके उन्हें अपने करियर का पहला शतक नहीं बनाने दिया लेकिन तब तक वह फिलिप्स के साथ मिलकर टीम को जीत के करीब पहुंचा चुके थे। इन दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 86 रन की साझेदारी की। फिलिप्स ने अर्शदीप पर चौका लगाकर 29 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया।

फिलिप्स ने सीरीज में बनाए सर्वाधिक रन

फिलिप्स ने इस श्रृंखला में 341 रन बनाए, जो किसी द्विपक्षीय श्रृंखला में सर्वाधिक रन का नया रिकॉर्ड है। इससे पहले भारतीय पारी तीन चरणों में गुजरी। उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही लेकिन बीच के ओवरों में उसने तेजी से रन बनाए और डेथ ओवरों में फिर से कुछ खास नहीं कर पाए।

भारत ने न्यूजीलैंड से जीती लगातार छठी सीरीज

भारत ने हालांकि न्यूजीलैंड के सामने लगातार छठी टी20 सीरीज जीती। उसने इस टीम के सामने 2019 के बाद से इस फॉर्मेट में सीरीज नहीं गंवाई है। तब से भारत ने तीन बार घर और तीन बार बाहर कीवी टीम के सामने टी20 सीरीज जीती है। 2019 के बाद से दोनों के बीच द्विपक्षीय टी20 सीरीज में कुल 24 मैच हुए हैं। इनमें से 18 भारत ने जीते व चार गंवाए हैं। दो के नतीजे नहीं निकले। ईशान किशन ने टी20आई में अपने 2000 रन 69 पारियों में पूरे किए और उन्होंने रोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया। रोहित शर्मा ने ये उपलब्धि अपने 77वें मैच में हासिल किया था। इस लिस्ट में पहले नंबर पर विराट कोहली हैं, जिन्होंने टी-20आई में 2000 रन 56 पारियों में पूरे किए थे।

आरती, अरुंधति, अंकुशिता व पवन को गोल्ड 14 पदकों के साथ भारत तालिका में शीर्ष पर

नई दिल्ली। भारतीय मुक्केबाजों ने 46वें अंतरराष्ट्रीय टैमर मुक्केबाजी टूर्नामेंट में रविवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण, दो रजत और आठ कांस्य सहित कुल 14 पदक के साथ तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। आरती धरियाल (महिला 54 किग्रा), अंकुशिता बोरो (महिला 65 किग्रा), अरुंधति चौधरी (महिला 70 किग्रा) और पवन बर्तवाल (पुरुष 55 किग्रा) ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए जबकि मोहम्मद हुसामुद्दीन (पुरुष 60 किग्रा) और जैस्मिन (महिला 57 किग्रा) को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 1977 से हर साल आयोजित किया जा रहा है और अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी कैलेंडर का एक अहम आयोजन है। भारत ने इस प्रतियोगिता में 14 सदस्यीय टीम उतारी थी। इसका मुख्य उद्देश्य देश की ओलंपिक भार वर्गों की बेंच स्ट्रेंथ में तीसरे स्थान पर रहने वाले मुक्केबाजों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनुभव दिलाना था। आरती ने स्कॉटलैंड की केर्नाचन स्टीफन को 5-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता अरुंधति ने आयरलैंड की इग्रारो एवलिन इवी को 3-2 से मात दी। अंकुशिता ने इंग्लैंड की थॉम्पस्टोन ईला को 4-1 से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। भारत के लिए कांस्य पदक जीतने वालों में विवेक मीणा (पुरुष 65 किग्रा), हितेश (पुरुष 70 किग्रा), अक्षय (पुरुष 80 किग्रा), बोबिन चौहान (पुरुष 90 किग्रा), चेतन चौधरी (पुरुष 90 किग्रा से अधिक), तनु (महिला 51 किग्रा), दिशा पाटिल (महिला 60 किग्रा) और इम्रोज खान (महिला 75 किग्रा) शामिल रहे।

राज्य स्तरीय कुश्ती अखाड़ा प्रतियोगिता

रोहतक की स्नेहा प्रथम, झज्जर की खुशबू दूसरे स्थान पर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶रोहतक

राई स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, सोनीपत में आयोजित राज्य स्तरीय कुश्ती अखाड़ा अंडर-17 व अंडर-20 (पुरुष व महिला) प्रतियोगिता 29 अक्टूबर से 1 नवंबर तक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। हरियाणा भर से आए युवा पहलवानों ने विभिन्न भार वर्गों में शानदार प्रदर्शन कर पदक हासिल किए। कोच रवि ने सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

ये रहे परिणाम

▶▶50 किग्रा: प्रथम - अंशिका (सोनीपत), द्वितीय - प्रीति यादव (गुरुग्राम), तृतीय - रितिका (रोहतक) व शीला (सिरसा)।
▶▶53 किग्रा: प्रथम - स्नेहा (सोनीपत), द्वितीय - मुस्कान (रोहतक), तृतीय - अंजू (पानीपत) व रचना (चरखी दादरी)।
▶▶55 किग्रा: प्रथम - नैना (फरीदाबाद), द्वितीय - दीपिका (झज्जर), तृतीय - अन्नू (सोनीपत) व टीना (रोहतक)।
▶▶57 किग्रा: प्रथम - अंकुल (रोहतक), द्वितीय - तन्नु (सोनीपत), तृतीय - निशु (जींद) व दिव्या (पानीपत)।
▶▶59 किग्रा: प्रथम - खुशी (जींद), द्वितीय - निक्की (झज्जर), तृतीय - परगति (सोनीपत) व नीरज (पानीपत)।
▶▶61 किग्रा: प्रथम - राहुल (सोनीपत), द्वितीय - मोहित (हिसार), तृतीय - दीपिका (भिवानी) व रिंकू (जींद)।
▶▶62 किग्रा: प्रथम - स्नेहा (रोहतक), द्वितीय - खुशबू (झज्जर), तृतीय - नीतू (पानीपत) व नेहा (जींद)।
▶▶65 किग्रा: प्रथम - जानवी (सोनीपत), द्वितीय - मुस्कान (जींद), तृतीय - दीक्षा (भिवानी) व टीना (करनाल)।
▶▶69 किग्रा: प्रथम - वंशिका (झज्जर), द्वितीय - मानसी (सोनीपत), तृतीय - रुग्वीन (रोहतक) व चिनकी (झज्जर)।
▶▶72 किग्रा: प्रथम - अवांशिका (झज्जर), द्वितीय - साक्षी (रोहतक), तृतीय - मनीषा (पलवल) व अनुष्का (पानीपत)।

सिंधू और लक्ष्य ने जीते हाइलो ओपन के खिताब, भारत को मिली दोहरी सफलता

एजेंसी ▶▶ सारब्रकेन



दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन ने रविवार को यहां हाइलो ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में सीधे गेम में जीत दर्ज करते हुए क्रमशः महिला और पुरुष एकल खिताब अपने नाम किए जिससे भारत को दोहरी सफलता मिली। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने डेनमार्क की विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज लाइन होजमार्क केयर्सफेल्ड को हराकर मौजूदा सत्र का अपना दूसरा खिताब जीता। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू ने पांच लाख डॉलर इनामी राशि वाले इस टूर्नामेंट के 39 मिनट तक चले फाइनल में आठवीं वरीयता प्राप्त केयर्सफेल्ड को 21-12, 21-14 से शिकस्त दी। जुलाई में जापान ओपन में खिताब जीतने वाली और पिछले सप्ताह फ्रेंच ओपन में उपविजेता रही सिंधू ने पूरे मुकाबले में शानदार नियंत्रण और दमदार खेल का प्रदर्शन किया। सिंधू ने कहा, ''मेरे लिए यह महत्वपूर्ण था कि प्रतिद्वंद्वी कोई भी हो मैं अपना शत प्रतिशत प्रदर्शन करूं। हम कई बार एक-दूसरे के खिलाफ खेल चुके हैं और मेरे लिए हर अंक पर ध्यान केंद्रित करना जरूरी था। मेरे लिए हर अंक महत्वपूर्ण था।'' उन्होंने कहा, ''मैंने शुरुआत से ही बढ़त बना ली थी और उसे वापसी का कोई मौका नहीं दिया।'' इसके बाद लक्ष्य सेन ने पुरुष एकल फाइनल में जोनाथन क्रिस्टी को 21-17, 21-10 से हराकर भारत की दोहरी सफलता सुनिश्चित की। विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज सिंधू ने इस जीत के साथ 9,200 रैंकिंग अंक हासिल किए और सत्र के अंत में होने वाले विश्व टूर फाइनल्स में जगह बनाने की अपनी दावेदारी मजबूत की।



पीएम एंडी ने कहा- पहले जो भी क्रूरता की गई है उसकी छाप अभी मिटी नहीं है

गुलामों के व्यापार को लेकर भारत समेत 56 देशों से माफी मांगेगा ब्रिटेन, लेकिन मुआवजा नहीं देगा

- गलती का अहसास होने पर 1833 में ब्रिटेन की संसद ने गुलामी को गैरकानूनी घोषित किया
- गुलामों के व्यापार से ब्रिटेन ने सबसे ज्यादा पैसा कमाया

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री एंडी बर्नहम ने कहा है कि वह गुलामों के व्यापार को लेकर सभी कॉमनवेल्थ देशों से माफी मांगने को तैयार हैं लेकिन उन्होंने मुआवजा देने से साफ इनकार किया है।

एजेंसी ▶▶ लंदन



कॉमनवेल्थ समिट में शामिल होने से पहले ब्रिटेन के प्रधानमंत्री एंडी बर्नहम ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि ट्रांस अटलांटिक स्वेल ट्रेड यानी गुलामों के व्यापार को लेकर वह खुले मन से माफी मांगने को तैयार हैं।हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इसके लिए वह कोई भी मुआवजा चुकाने के लिए तैयार नहीं हैं। द गार्डियन में लेख के माध्यम से यूके के प्रधानमंत्री ने यह बात कही है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि गुलामों के व्यापार को लेकर भारत समेत 56 देशों से माफी मांगने को तैयार है लेकिन मुआवजा नहीं देगा।

लोगों के दर्द का अहसास ब्रिटेन को है

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री एंडी बर्नहम ने कहा कि उन्हें लोगों के उस दर्द का एहसास है जो कि उन्होंने झेला है। इसका उन्हें बहुत दुख है। एंडी ने कहा कि पहले जो भी क्रूरता की गई है उसकी छाप अभी मिटी नहीं है। उन्होंने कहा कि मुआवजा बांटना इसका कोई समाधान नहीं है। यह एक अत्याचार के बदले दूसरी तरह का अत्याचार ही कहा जाएगा। क्योंकि ब्रिटेन के आज के लोगों को इन घटनाओं का जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। इस समय ब्रिटेन के किंग चार्ल्स कैरेबियन देशों के दौरे पर निकले हैं।

मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी

चार्ल्स ने बहामास में भी गुलामी का जिक्र किया था और ब्रिटेन के शासनकाल में मारे गए लगों को श्रद्धांजलि दी थी। अब तक ब्रिटेन की ओर से कभी इस तरह की माफी नहीं मांगी गई। हालांकि इस मुद्दे की संवेदनशीलता को देखते हुए अब ब्रिटेन ने माफी मांगनी ही ठीक समजा। ब्रिटेन का कहना है कि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि गुलामों के व्यापार से उसने पैसा कमाया लेकिन बाद में इसे बंद करने में भी उसने भूमिका निभाई। 1833 में ब्रिटेन की संसद ने गुलामी को गैरकानूनी घोषित किया था। संसद में इस तरह का प्रस्ताव पास होने के बाद भी ब्रिटेन ने दूसरे देशों पर राज करना नहीं छोड़ा और उनका शोषण करता रहा।

अमेरिका में हैलोवीन पर गोलीबारी की घटनाओं में छह की मौत, दर्जनों घायल

भाषा/डलास (अमेरिका)। अमेरिका में हैलोवीन सप्ताहांत के दौरान देश के करीब छह शहरों में गोलीबारी की घटनाओं में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और दर्जनों अन्य लोग घायल हुए। सबसे अधिक हिंसा डलास में हुई। पुलिस ने बताया कि डलास शहर के 'डीप एलम' इलाके में गोलीबारी की कुछ घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। यह इलाका संगीत, रेस्तरां और रात में मनोरंजन के लिए लोकप्रिय है। अर्कांसस के फेयेटविले, अलबामा के बर्मिंघम और डेलावेयर के नेवार्क जैसे शहरों में भी पुलिस ने सप्ताहांत के दौरान गोलीबारी की घटनाओं की जानकारी दी। डलास के पुलिस प्रमुख डैनियल कोमोक्स ने बताया कि जांचकर्ता अभी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि शनिवार रात करीब सवा घंटे के भीतर हुई गोलीबारी की घटनाएं आपस में जुड़ी हुई थीं या नहीं। कोमोक्स ने बताया कि गोलीबारी की तीन अलग-अलग घटनाएं हुईं और अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि ये क्यों शुरू हुईं।

खबर संक्षेप



जयशंकर ने किया पटेल की प्रतिमा का अनावरण

वाशिंगटन। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर अटलांटा स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास में उनकी आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने जुटे भारतीय प्रवासियों से संवाद भी किया। जयशंकर ने कहा कि सरदार पटेल का नेतृत्व और देश की एकता-अखंडता में उनका योगदान हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने भारतीय प्रवासी समुदाय की उपलब्धियों पर गर्व जताया।

सुरक्षाः सऊदी अरब की उड़ानों पर रोक बढ़ाई



दुबई। सऊदी अरब में सुरक्षा हालात के मद्देनजर भारत से उड़ानों का संचालन प्रभावित है। अकासा एयर ने जेद्दा की उड़ानों का निलंबन 18 नवंबर और रियाद की उड़ानों का निलंबन 30 नवंबर तक बढ़ा दिया है। वहीं, एअर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस ने जेद्दा, रियाद और दम्मम की उड़ानें 14 नवंबर तक स्थगित की हैं। इससे पहले दम्मम हवाई अड्डे पर 21 अक्टूबर को हुए हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत और दो घायल हुए थे।

एच-1बी की नीति अब अमेरिका के लिए खतरा



ह्यूस्टन। भारतीय मूल के पेशेवरों के खिलाफ बढ़ती राजनीतिक बयानबाजी और आव्रजन प्रतिबंधों पर इंडियास्पोरा ने चिंता जताई है। संगठन ने कहा कि एच-1बी वीजाधारकों को निशाना बनाने से अमेरिकी अर्थव्यवस्था को गंभीर नुकसान हो सकता है। कार्यकारी निदेशक संजीव जोशीपुरा के मुताबिक, भारतीय पेशेवर स्वास्थ्य सेवा, तकनीक और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्हें देश छोड़ने के लिए मजबूर करने से नवाचार और अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी। इसका असर बड़े शहरों के साथ छोटे कस्बों पर भी पड़ेगा।

घाना के नागरिक समेत 4 गिरफ्तार

दिल्ली-एनसीआर में कोकीन तस्करी सिंडिकेट का खुलासा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय एक अंतरराज्यीय कोकीन आपूर्ति तंत्र का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में घाना के एक नागरिक समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरोह दक्षिण दिल्ली और गुरुग्राम के प्रमुख शराबखानों और मनोरंजन स्थलों में युवाओं को निशाना बना रहा था। क्राइम ब्रांच दिल्ली और एनसीआर में संगठित मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है।

- 106 ग्राम उच्च गुणवत्ता वाली कोकीन बरामद

आरोपी हुकमुद्दीन से होंगे खुलासे

टीम ने द्वारका सेक्टर 9 में जाल बिछाकर हुकमुद्दीन को पकड़ा। उसके पास से 106 ग्राम उच्च गुणवत्ता वाली कोकीन बरामद हुई। इस संबंध में क्राइम ब्रांच पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया। यह प्राथमिकी संख्या 139/2026 के तहत एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8/21 के अंतर्गत थी। पूछताछ में हुकमुद्दीन ने बताया कि उसे यह कोकीन जाबिद हुसैन से मिली थी। जाबिद हुसैन को 17 अगस्त 2026 को नूंह मेवात, हरियाणा से गिरफ्तार किया गया।

चक्रवाती तूफान अर्नब के असर से बिगड़ा मौसम

नेपाल के डोल्पा में भारी बर्फबारी के बाद 6 भारतीय पर्यटक लापता

नेटवर्क गायब होने से राहत कार्य में बाधा हेलिकॉप्टर से बचाव अभियान जारी

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल के उच्च हिमालयी क्षेत्र डोल्पा में अचानक हुए भारी हिमपात के कारण छह भारतीय पर्यटक लापता हो गए हैं। लापता पर्यटकों में दो महिलाएं और चार पुरुष शामिल हैं। यह सभी पर्यटक डोल्पा के धो क्षेत्र से सुप्रसिद्ध शे-फोक्सुंडो झील की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान अत्यधिक बर्फबारी के कारण उनके नुमला पास और वागला पास के पास फंस जाने की गंभीर आशंका जताई जा रही है। पर्यटकों से कोई संपर्क नहीं होने के बाद स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवाती तूफान अर्नब के प्रभाव के चलते नेपाल के उच्च हिमालयी इलाकों में मौसम अचानक काफी खराब हो गया है। इसके कारण डोल्पा के ऊंचाई वाले पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार भारी बर्फबारी हो रही है। स्थानीय गाइडों और ग्रामीणों ने पर्यटकों को मौसम खराब होने और दर्रे पार न करने की चेतावनी दी थी।



चौतरफा दिख रहा तबाही का मंजर

244 पर्यटकों की मौजूदगी है

नेटवर्क की अनुपस्थिति और लगातार गिरती बर्फ के कारण पर्यटकों की सटीक स्थिति का पता लगाना बेहद कठिन हो रहा है। जिला प्रशासन कार्यालय के अनुसार फिलहाल उपल्लो डोल्पा क्षेत्र में 244 पर्यटक मौजूद हैं, जिन्हें सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है।

लौटते समय बर्फ में फंसे!

डोल्पा की चीफ डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर जुनू हमाल ने कन्फ़र्म किया कि टूरिस्ट धो से फ़ोकसुंडो लेक की ओर लौटते समय फँस गए थे। उन्होंने कहा, उन्हें लोकल लोगों ने खराब मौसम और पहाड़ों के हालात के बारे में चेतावनी दी थी, लेकिन वे अपनी यात्रा पर निकल गए।

बांग्लादेश में वेतन बढ़ाने की मांग

कपड़ा मजदूरों का हिंसक प्रदर्शन पुलिस चौकी फूंकी,गाड़ी जलाई

एजेंसी ▶▶ ढाका



बांग्लादेश में न्यूनतम वेतन बढ़ाने की मांग को लेकर रविवार को कपड़ा फैक्ट्रियों के मजदूरों ने राजधानी ढाका समेत तीन इलाकों में प्रदर्शन किया। इस दौरान कई जगह हिंसा भड़क गई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर ईंट-पत्थर फेंके, एक पुलिस वाहन में आग लगा दी और गाजीपुर में पुलिस चौकी को भी फूंक दिया। अशुलिया में कम से कम 30 कपड़ा फैक्ट्रियां बंद रहीं। मजदूरों की मांग है कि उनका न्यूनतम मासिक वेतन 9,600 रुपए से बढ़ाकर करीब 23 हजार रुपए किया जाए। ढाका के मीरपुर-10 चौराहे पर सुबह बड़ी संख्या में मजदूर जुटे और सड़कें जाम कर दीं। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई। पुलिस के मुताबिक, कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुलिसकर्मियों पर हमला किया, जिसके बाद भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज और आंसू गैस का इस्तेमाल किया गया। तनाव के चलते मीरपुर-10 मेट्रो स्टेशन का गेट भी बंद करना पड़ा। उधर, गाजीपुर के कालीकैर इलाके में मजदूरों ने हाईवे जाम कर दिया, जबकि कोनाबाड़ी में प्रदर्शनकारियों ने पुलिस चौकी में आग लगा दी।

सैन्य अभियानों में मदद का आरोप

ईरान ने ब्रिटेन की सेना- खुफिया एजेंसी को आतंकी घोषित किया

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान और ब्रिटेन के बीच कूटनीतिक तनाव और गहरा गया है। ईरान ने ब्रिटेन की रॉयल नेवी, रॉयल एयर फोर्स और विदेशी खुफिया एजेंसी एमआई-6 (सीक्रेट इंटेलिजेंस सर्विस) को आतंकवादी संगठन और शत्रुतापूर्ण समूह घोषित किया है।



ईरान के विदेश मंत्रालय ने रविवार को इस फैसले की घोषणा की। इसके बाद ब्रिटेन का सैन्य और खुफिया तंत्र ईरान के सुरक्षा कानूनों के दायरे में आ गया है। ईरानी विदेश मंत्रालय ने आरोप लगाया कि ब्रिटेन अपने सैन्य अड्डों और लॉजिस्टिक सुविधाओं का इस्तेमाल अमेरिका और इजरायल के उन सैन्य अभियानों में मदद के लिए कर रहा है, जिन्हें ईरान के खिलाफ अंजाम दिया जा रहा है। ईरान ने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों का उल्लंघन बताया है। ईरान की यह कार्रवाई ब्रिटेन के जुलाई में लिए गए उस फैसले के बाद आई है, जिसमें उसने ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) को अपने स्टेट थ्रेट्स एक्ट के दायरे में शामिल किया था। ईरान ने अब पारस्परिकता के सिद्धांत के तहत जवाबी कदम उठाने की बात कही है।



नए वायुसेना प्रमुख का अंदाज जीत रहा दिल, 4 सूत्रों पर काम करने का संकल्प

एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने संभाली भारतीय वायुसेना के 29वें प्रमुख की कमान

मां और सास के पैर छूकर लिया आशीर्वाद, फिर किया 'सैल्यूट'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना के नए प्रमुख एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने शनिवार को 29वें वायुसेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाल लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद उनका एक भावुक और सम्मान से भरा अंदाज चर्चा का विषय बन गया।

देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद उन्होंने अपनी मां निर्मला दीक्षित और सास कमला पांडेय के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद दोनों के सामने पूरे सम्मान के साथ सैल्यूट किया। उनके इस अंदाज का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है और लोग इसकी सराहना कर रहे हैं।



ऑपरेशन सिंदूर में निभाई थी अहम भूमिका

एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने निवर्तमान वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एपी सिंह के नेतृत्व में भारतीय वायुसेना ने सटीक और निर्णायक हवाई शक्ति का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि एपी सिंह ने उन्हें पूरी तरह तैयार वायुसेना की कमान सौंपी है। उल्लेखनीय है कि एयर चीफ मार्शल एपी सिंह 43 वर्ष के शानदार सैन्य करियर के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28